वर्ष : 27 अंक : 127 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 28 अप्रैल, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8




जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

# भारत की डिजिटल स्ट्राईक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केन्द्र की मोदी सरकार सख्त कदम उठा रही है। मोदी सरकार आतंकवादियों के खिलाफ कुछ बड़ा करने वाला है। इसके लिए दिल्ली में लगातार बैठकें चल रही हैं। वहीं भड़काऊ और संवेदनशील सांप्रदायिक सामग्री फैलाने के लिए भारत ने कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर कड़ी कार्रवाई की है। भारत ने कुल 63 मिलियन सब्सक्राइबर वाले 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिन चैनलों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर का यूट्यूब चैनल भी शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिशों के बाद यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाया गया है।


प्रतिबंधित किए गए प्लेटफॉर्म में समाचार आउटलेट डॉन, समा टीवी, एआरवाई न्यूज, बोल न्यूज, रफ्तार, जियो न्यूज और सुनो न्यूज के यूट्यूब चैनल शामिल हैं। पत्रकार इरशाद भट्टी, अस्मा शिराजी, उमर चीमा और मुनीब फारूक के यूट्यूब चैनल भी प्रतिबंधित किए गए हैं। प्रतिबंधित किए गए अन्य हैंडल में द पाकिस्तान रेफरेंस, समा स्पोर्ट्स, उजैर क्रिकेट और रजी नामा शामिल हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### बीबीसी की रिपोर्टिंग पर आपत्ति

**इस बीच भारत ने पहलगाम आतंकी हमले पर बीबीसी की रिपोर्टिंग पर भी कड़ी आपत्ति जताई है। रिपोर्टिंग के दृष्टिकोण को लेकर नाराज केंद्र सरकार ने बीबीसी इंडिया की प्रमुख जैकी मार्टिन को पत्र लिखा है। पत्र में स्पष्ट रूप से लिख गया है कि रिपोर्टिंग घटना की गंभीरता और आतंकवाद की वास्तविकता को कमतर दर्शाती है।**

- भारत के 16 यू-ट्यूब चैनल भारत में बैन
- क्रिकेटर शोएब अख्तर के चैनल पर भी एक्शन
- भारत व फ्रांस के बीच राफेल का अभ्यास






## प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री के बीच बड़ी बैठक



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पहलगाम हमले के बाद कुछ बड़ा होने की चर्चा तेजी से चल रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार सुबह सबसे पहले आर्मी चीफ से मुलाकात की और लंबी मंत्रणा की. उसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लोक कल्याण मार्ग स्थिति प्रधानमंत्री आवास पहुंचे और वहां पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है।

राजनाथ ने पीएम को ताजा हालात के बारे में अपडेट दिया है। दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक गहन मंत्रणा हुई। इस बैठक में तीनों सेनाओं के प्रमुख, सीडीएस और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद रहे।

रक्षा मंत्री सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक की है और पहलगाम में चल रहे ऑपरेशन और स्थिति की जानकारी दी है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सुबह साउथ ब्लॉक पहुंचे थे, जहां उन्हें सेना प्रमुख ने सैन्य ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी थी।

दरअसल, पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी का बेहद कड़ा रुख देखा जा रहा है। ऐसे में पूरी दुनिया में यह चर्चा है कि कुछ बड़ा होने वाला है और भारत आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने जा रहा है। दिल्ली से लेकर बॉर्डर तक हाईअलर्ट देखने को मिल रहा है।

## राजद्रोह, राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा बनी नेहा सिंह राठौर, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ ( एजेंसी )।** पहलगाम में आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की हत्या से जहां देश भर में आक्रोश है। वहीं देश में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो इस हमले के लिए सरकार पर हमलावर हैं और उसकी आलोचना कर रहे हैं। ऐसा ही एक नाम हैं बिहार की लोक गायिका नेहा सिंह राठौर, जिन्होंने पहलगाम हमले का दोष सरकार पर मढ़ा है।



नेहा सिंह राठौर ने एक्स पर अपना एक वीडियो पोस्ट करके कहा कि पहलगाम हमला सरकार की चूक के कारण हुआ है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा इस मुद्दे का इस्तेमाल बिहार चुनाव में वोट हासिल करने के लिए करेगी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नेहा के खिलाफ इस वीडियो को लेकर अभय सिंह नाम के शख्स ने एफआईआर दर्ज कराई है. राठौर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस) की 10 अलग-अलग धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावा आईटी एक्ट की धारा भी जोड़ी गई है।

उन पर बीएनएस की धारा 196 (1) (ए), धारा 196 (1) (ए), धारा 197 (1) (ए), धारा 197 (1) (ए), धारा 197 (1) (सी), धारा 197 (1) (डी), धारा 353 (1) (सी), धारा 353 (2), धारा 302, धारा 152 और सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 69ए के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं लोनी के विधायक नंद गुर्जर गुर्जर ने भी नेहा सिंह राठौर के खिलाफ थाना लोनी में एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत दी है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर दो कारें भिड़ीं, चालक की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल हुए हैं।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार रात को सेक्टर-151 ग्रेटर नोएडा निवासी 45 वर्षीय मुकेश सिंह अपनी ऑल्टो कार से परी चौक से सेक्टर 148 की ओर सर्विस रोड पर जा रहे थे।

इसी दौरान सामने से आ रही डिजायर कार से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया। मुकेश सिंह और डिजायर चालक सुमित कुमार गुप्ता (पूर्वांचल रॉयल सिटी, थाना बीटा 2 ग्रेटर नोएडा निवासी) को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने मुकेश सिंह को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## ओटीटी और सोशल मीडिया पर बंद होंगे अश्लील कंटेंट?

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सोशल मीडिया और ओटीटी पर अश्लील कंटेंट को बैन करने की मांग उठ रही है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई थी, जिसपर आज अदालत ने सुनवाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने इसपर एक्शन लेते हुए केंद्र सरकार समेत कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किया है।



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के अलावा नेटफ्लिक्स, उल्लू डिजिटल लिमिटेड, ऑल्ट बाला जी, ट्विटर, मेटा प्लेटफार्म और गूगल को नोटिस दिया है।

पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहुरकर समेत कुछ लोगों ने अश्लील कंटेंट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में केंद्र सरकार से नेशनल कंटेंट कंट्रोल ऑथोरिटी (NCCO) का गठन करने की मांग की गई है। साथ ही याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ओटीटी प्लेटफॉर्म अश्लीलता को रोकने के लिए दिशानिर्देश तय करना चाहिए।

## सिलेंडर में लगी आग, 200 झुग्गियां जलकर खाक

**लखनऊ ( एजेंसी )।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को आग लगने से करीब 200 झुग्गियां चपेट में आईं। तेजी से बढ़ रही आग आवासीय क्षेत्रों की तरफ बढ़ी। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोग आग बुझाने के प्रयास में जुट गए।



घटना फैजुल्लागंज थाना क्षेत्र के श्याम विहार कॉलोनी की है। सूचना पर दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। दमकलकर्मियों के साथ नगर निगम के कर्मी आग बुझाने के प्रयास में जुट गई। किसी भी प्रकार की अनहोनी की आशंका के चलते मौके पर पांच एंबुलेस भी बुलाई गई हैं। घंटों की मशक्कत के बाद करीब-करीब आग पर काबू पा लिया गया है।

बताया गया कि झुग्गी में रहने वाले लोग सुबह घर में खाना बना रहे थे। इसी समय एक छोटे सिलेंडर (पांच किग्रा) में आग लग गई। आग छप्पर में फैल गई। तेज हवा के कारण एक के बाद (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गाजियाबाद से जयपुर के लिए शुरू सीधी उड़ान



**गाजियाबाद ( एजेंसी )।** गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट से एक और शहर के लिए उड़ान शुरू हो गई है। गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट से आज सोमवार (28 अप्रैल) से जयपुर के लिए फ्लाइट सेवा शुरू हो गई है। वहीं, एक मई से पटना व वाराणसी के लिए उड़ान सेवा शुरू होगी। हिंडन हवाई अड्डे से सुबह 7:30 बजे विमान ने उड़ान भरी और सुबह 8:40 बजे जयपुर पहुंचा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### हिंडन से 15 शहरों के लिए शुरू होगी उड़ान

**एयरपोर्ट से अभी तक हिंडन हवाई अड्डे से चेन्नई, नांदेड़, किशनगढ़, आदमपुर, लुधियाना, भठिंडा, किशनगढ़, कोलकाता, जम्मू, गोवा, भुवनेश्वर, बंगलुरू समेत कुल 12 शहरों के लिए उड़ान शुरू है। हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक उमेश यादव ने बताया कि एक मई से हिंडन एयरपोर्ट से कुल 15 शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू हो जाएगी।**

## पहलगाम हमले के विरोध में मुस्लिम समाज ने निकाला कैंडिल मार्च

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। यह न केवल मानवता के खिलाफ अपराध है, बल्कि हमारे देश की एकता और भाईचारे व सामाजिक ताने बाने पर सीधा हमला है।

पहलगाम हमले के विरोध में ग्राम हल्दौनी मोड़ से ईदगाह जलपुरा तक सरफराज अली सदस्य हज कमेटी (उ.प्र.) के नेतृत्व में हल्दौनी गांव के मुस्लिम समाज व भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ पैदल कैंडल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया और पाकिस्तान का पुतला दहनकर आक्रोश व्यक्त किया गया। इस दौरान पहलगाम हमले में शहीदों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।




इस कैंडल मार्च में सरफराज अली सदस्य हज कमेटी उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी जेवर मंडल भाजपा (जी.बी.नगर), चौ अख्तर खान पूर्व सदस्य रेलवे बोर्ड भारत सरकार,जीनत अंसारी पूर्व अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नोएडा, योगेन्द्र शर्मा प्रधान, मंडल अध्यक्ष भाजपा गौतम शर्मा शहीद भगत सिंह मंडल,सिजल खान, जमशेद मुल्ला, दिनेश सैनी मंडल उपाध्यक्ष शहीद भगत सिंह,बूथ अध्यक्ष बलवंत, पुष्कर, राजेंद्र शर्मा आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता के साथ मारपीट में पुलिसकर्मियों पर एफआईआर

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** गाजियाबाद जनपद के नंदग्राम थाने में शनिवार देर रात भाजपा महानगर मंत्री धीरज शर्मा से मारपीट मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। रविवार को ही इस मामले में दारोगा और दो सिपाहियों को सस्पेंड किया गया है।

राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसायटी में चल रहे प्ले स्कूल को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद में शनिवार को संजयनगर निवासी भाजपा महानगर मंत्री धीरज शर्मा नंदग्राम थाने गए थे।

धीरज का आरोप है कि थाने में उनके साथ दारोगा लेखराज जौहरी व पांच-छह पुलिसकर्मियों ने मारपीट की और उन्हें लॉकअप में बंद कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर शहर विधायक संजीव शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल समर्थकों के साथ नंदग्राम थाने पहुंचे और मारपीट के आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

वहीं, हंगामा बढ़ता देख अधिकारियों ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देकर भाजपाइयों को शांत किया। इसके बाद रविवार को एसीपी की जांच के आधार पर डीसीपी सिटी ने सिहानी चुंगी चौकी प्रभारी दारोगा लेखराज सिंह और हेड कांस्टेबल सगीर खान एवं रवेंद्र को सस्पेंड करते हुए आरोपियों के खिलाफ विभागीय जांच भी बैठा दी। (शेष-3 पर)

ADMISSION OPEN
SARASWATI
GLOBAL
SCHOOL
NCERT
BOOKS
(Buy NCERT Books from any stationary shop)
Sector 22 Noida
Mob.8750611103

## वज्र-प्रहार

कश्मीर घाटी के पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया में भारत की मोदी सरकार ने पाकिस्तान पर वज्र-प्रहार किए हैं। राजनयिक संबंध लगभग तोड़ दिए गए हैं और 1960 की ऐतिहासिक सिंधु जल संधि तुरंत प्रभाव से स्थगित कर दी गई है। यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई थी। अब पाकिस्तान वालों को भारत आने का, किसी भी तरह का, वीजा नहीं दिया जाएगा। सार्क देश होने के कारण जो छूट थी, उसे भी रद्द कर दिया गया है। राजनयिकों को भारत छोड़ने को मात्र एक सप्ताह का वक्त दिया गया है। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान के उच्चायोग में रक्षा, नौसेना, वायुसेना, थलसेना आदि के सलाहकारों को भी 48 घंटे में भारत छोड़ने के आदेश दे दिए गए हैं। अटारी-वाघा सीमा चेकपोस्ट को बंद कर दिया गया है। इस रास्ते से भारत में प्रवेश करने वाले पाकिस्तानी एक मई से पहले लौट जाएं। पाकिस्तान उच्चायोग में 55 कर्मचारियों की संख्या घटा कर 30 तय कर दी गई है। भारत भी इस्लामाबाद से अपने सैन्य सलाहकार और राजनयिक वापस बुला रहा है। बेशक जल संधि रोकने से तुरंत प्रभाव नहीं पड़ेगा। पानी निर्बाध होता है और भारत से बहुत सा पानी बहकर पाकिस्तान को जाता रहा है। यदि अब उसे रोकना है, तो भारत सरकार को कुछ छोटे बांध बनाने होंगे और पनबिजली परियोजनाएं भी शुरू कर पानी को बांधा जा सकता है। फिलहाल गर्मी के बाद मॉनसून के मौसम में बारिश से जल-संकट इतना महसूस न हो, लेकिन दिसंबर के सर्द मौसम से अप्रैल तक पाकिस्तान में पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। वहां की खेती, बिजली और उद्योग सिंधु जल प्रणाली के भरोसे ही हैं। लाहौर, कराची, मुल्तान जैसे प्रमुख शहर सिंधु जल पर ही आश्रित हैं। पानी को रोक देने से 23 करोड़ से अधिक लोगों के सामने भरण-पोषण और खाद्य-संकट गहरा सकते हैं। बहरहाल मोदी सरकार ने इस बार आतंकी हमले का प्रतिशोध इस तरह लिया है, जिससे पाकिस्तान की अवाम सीधे तौर पर प्रभावी हो। कई बार सिंधु जल संधि को स्थगित करने का विचार किया गया, लेकिन अवाम को देखते हुए उस फैसले को टालना पड़ा। इस बार भारत पराकाष्ठा की मुद्रा में है। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट कमेटी ने पाकिस्तान पर जो प्रतिघात किए हैं, उनकी स्पष्ट व्याख्या यह है कि खून के साथ जल नहीं बह सकता। जिस तरह आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते, उसी तरह आतंकिस्तान के साथ जल साझा नहीं किया जा सकता। बहरहाल पाकिस्तान पर यही पाबंदियां ही पर्याप्त नहीं हैं। भारत जीवन बचाने वाली दवाओं की आपूर्ति करता रहा है। उस पर भी तुरंत प्रभाव से रोक लगा देनी चाहिए। जिन देशों को पाकिस्तान कपड़ा और चावल भेजता है, भारत उन देशों में दखल करे। कपड़ा और चावल के उत्पादन को हम बढ़ा सकते हैं और किफायती दामों पर देशों को सप्लाई कर सकते हैं। इससे पाकिस्तान के पेट पर करारी लात पड़ेगी। इसके अलावा, जो विदेशी कंपनियां पाकिस्तान में निवेश करती हैं, भारत उन्हें साफ कहे कि यदि भारत के साथ कारोबार करना है, तो वे कंपनियां भारत में ही निवेश करें। दलील आतंकवाद की दी जा सकती है। भारत अभी दुबई, अबू धाबी में पाकिस्तानी टीम के साथ क्रिकेट खेल लेता है। इसका भी बहिष्कार किया जाए और क्रिकेट संबंध बिल्कुल ही खत्म किए जाने चाहिए। पाकिस्तान के खेल संघ दिवालिया हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के 42 लॉन्चिंग पैड हैं, जहां 130-150 आतंकवादी सक्रिय हैं। पाकिस्तान यह कभी भी कबूल नहीं करेगा, लिहाजा सरकार को सैन्य प्रहार पर भी विचार करना होगा। इस बार आतंकियों के ये अड्डे नहीं, बल्कि पाकिस्तानी फौज के केंद्रों पर हमले कर उन्हें विकलांग बना देना चाहिए। बेशक पाकिस्तान भी पलटवार कर सकता है, लेकिन उसकी आर्थिक हालत इतनी पतली है कि वह छोटा-सा टकराव झेल नहीं सकता। युद्ध तो बहुत दूर की कौड़ी है। यह विश्लेषण हमारा नहीं, उन रक्षा विशेषज्ञों का है, जो कश्मीर के मोर्चे पर सालों तक तैनात रहे और लड़ाइयों का नेतृत्व भी किया। वे पहलगाम हमले का प्रत्यक्ष साजिशकार पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर को मानते हैं, जिन्होंने बीते दिनों एक बेहद भड?ाऊ संबोधन दिया था। वह आईएसआई के प्रमुख भी रहे हैं और कट्टरपंथी जमात से आते हैं। बहरहाल देश को अभी निर्णायक आघात का इंतजार है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ऐसा समझने पर मन में संदेह होता है, फिर भी प्रभु ने जो कहा वही प्रमाण (सत्य) है। (मैं तो यह माँगती हूँ कि) हे नाथ! आपके जो निज जन हैं, वे जो (अलौकिक, अखंड) सुख पाते हैं और जिस परम गति को प्राप्त होते हैं- ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0- सोइ सुख सोइ गति सोइ भगति सोइ निज चरन सनेहु।**
**सोइ बिबेक सोइ रहनि प्रभु हमहि कृपा करि देहु॥**
हे प्रभो! वही सुख, वही गति, वही भक्ति, वही अपने चरणों में प्रेम, वही ज्ञान और वही रहन-सहन कृपा करके हमें दीजिए॥
**सुनि मृदु गूढ़ रुचिर बर रचना। कृपासिंधु बोले मृदु बचना॥**
**जो कछु रुचि तुम्हरे मन माहीं। मैं सो दीन्ह सब संसय नाहीं॥**
(रानी की) कोमल, गूढ़ और मनोहर श्रेष्ठ वाक्य रचना सुनकर कृपा के समुद्र भगवान कोमल वचन बोले- तुम्हारे मन में जो कुछ इच्छा है, वह सब मैंने तुमको दिया, इसमें कोई संदेह न समझना॥
**मातु बिबेक अलौकिक तोरें। कबहुँ न मिटिहि अनुग्रह मोरें॥**
**बंदि चरन मनु कहेउ बहोरी। अवर एक बिनती प्रभु मोरी॥**
हे माता! मेरी कृपा से तुम्हारा अलौकिक ज्ञान कभी नष्ट न होगा। तब मनु ने भगवान के चरणों की वंदना करके फिर कहा- हे प्रभु! मेरी एक विनती और है- ॥
**सुत बिषइक तव पद रति होऊ। मोहि बड़ मूढ़ कहे किन कोऊ॥**
**मनि बिनु फनि जिमि जल बिनु मीना। मम जीवन तिमि तुम्हहि अधीना॥**
आपके चरणों में मेरी वैसी ही प्रीति हो जैसी पुत्र के लिए पिता की होती है, चाहे मुझे कोई बड़ा भारी मूर्ख ही क्यों न कहे। जैसे मणि के बिना साँप और जल के बिना मछली (नहीं रह सकती), वैसे ही मेरा जीवन आपके अधीन रहे (आपके बिना न रह सके)॥ (क्रमशः...)

# पाकिस्तान कर रहा है आतंकवाद फैलाने का 'गंदा काम'?

जब अंतर्राष्ट्रीय महकमे में पाकिस्तान को आतंकवाद पैदा करने की फैक्ट्री मान लिया गया है, तब भी यदि उसके खिलाफ कोई मजबूत वैश्विक कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसा सिर्फ इसलिए कि वह दुनियावी हथियार और सुरक्षा उपकरण निर्माता कम्पनियों और उनके संरक्षक मूल राष्ट्रों के हाथों का खिलौना बन चुका है। ये देश कोई और नहीं बल्कि अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल, जर्मनी, तुर्किये आदि जैसे देश हैं जिन्हें मौत का सौदागर कहना ज्यादा उचित रहेगा!

दरअसल, यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि इसका एक क्लू पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयानों से मिला है, जिसके बाद अपने पाठकों को 'ह' से 'हलंत' तक की बात समझा रहा हूँ। वैसे तो भारतीय नेतृत्व के लिए भी यह बात जानना-समझना जरुरी है! हालाँकि उसके पिछले एक दशक के रूख से यही प्रतीत होता है कि वह सबकुछ समझ रहा है और बार-बार दुनिया को यह नसीहत भी दे रहा है कि यह युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध का समय है।

ऐसे में संभव है कि भारत को युद्ध की जाल में उलझाकर चीन को बर्बाद करना अमेरिका-ब्रिटेन समेत नाटो देशों की यह एक नई चाल हो, जैसा कि उन्होंने रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़का कर अपना नापाक लक्ष्य पूरा किया। चूँकि चीन-रूस के प्रगाढ़ रिश्तों से अमेरिका-चीन के रिश्ते खटाई में पड़ते जा रहे हैं, वहीं भारत का नेतृत्व रूस, अमेरिका और चीन से एकसमान रिश्ते रखना चाहता है ताकि युद्ध की बजाय विकास को गति दी जा सके। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय जगत के सामने कटोरा लेकर खड़ा रहने वाले देश पाकिस्तान को 'उनके' ही इशारे पर पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिलवा दिया, ताकि मोदी सरकार के सब्र की बांध टूटे, फिर वह पाकिस्तान पर हमला करे।

तत्पश्चात पाकिस्तान को बचाने चीन आएगा और जब ऐसा होगा तो भारत-चीन के बीच भड़कने वाले युद्ध में पश्चिमी देश भारत का साथ देंगे और फिर जैसे यूक्रेन को उसकी कीमती खनिज सम्पदा के लिए ब्लैक मेल किया कुछ वैसा ही भारत के साथ भी करेंगे। हालाँकि भारत ने इस बार कूटनीतिक सर्जिकल लड़ाई को अपना नया हथियार बनाया और ताबड़तोड़ पांच प्रतिबन्ध उसपर थोप दिए। आगे सबक सिखाने की तैयारी में भारतीय नेतृत्व जुटा हुआ है।

इसी बीच घबराए पाकिस्तान ने यानी उसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जो अर्द्धसत्य स्वीकार किया है, वह हैरान करने वाला बयान समझा जा रहा है। लेकिन इसके पीछे की एक और कड़्वी सच्चाई जिसे वे चालाकी पूर्वक छिपा लिए, वह है अमेरिका का मजबूत अंतर्राष्ट्रीय विकल्प बनते जा रहे चीन और उसके समर्थक उत्तरपूर्वी देशों और मध्य पूर्व के देशों का नाम, जो हर भारतीय को जानना चाहिए! क्योंकि यदि उन्होंने ऐसी साफगोई दिखा दी होती तो चीन के साथ परवान चढ़ रहे रिश्ते खराब हो जाते!



**भारत को पता होना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय हथियार लॉबी दशकों से उसके पीछे पड़ी हैं। यहाँ के लोग भी यह महसूस कर रहे होंगे कि भारत में बढ़ते आतंकवादी हमलों, नक्सली हमलों और अंडरवर्ल्ड के गैंगवार के बाद हमारी सरकार ने आधुनिक हथियार और सुरक्षा उपकरण खरीदी।**

यहाँ यह भी संभव है कि भारत के कड़े रूख के मद्देनजर उन्होंने जानबुझकर अमेरिका, ब्रिटेन आदि का नाम रणनीतिक रूप से लिया है, क्योंकि पाकिस्तान के साथ उनके रिश्ते अब वैसे प्रगाढ़ नहीं रहे जैसे कि पहले हुआ करता था! ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान अब उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी चीन के खेमे में जा चुका है। आज चीन के साथ रूस, उत्तर कोरिया, तुर्की, ईरान, जर्मनी आदि जैसे देश हैं, जिनमें से कई के साथ भारत के समझदारी भरे रिश्ते हैं। हालाँकि उनका यह बयान भारत और रूस के लिए आंख खोलने वाला है।

भारत को पता होना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय हथियार लॉबी दशकों से उसके पीछे पड़ी हैं। यहाँ के लोग भी यह महसूस कर रहे होंगे कि भारत में बढ़ते आतंकवादी हमलों, नक्सली हमलों और अंडरवर्ल्ड के गैंगवार के बाद हमारी सरकार ने आधुनिक हथियार और सुरक्षा उपकरण खरीदी। चूँकि आतंकवाद का 'बाप' पाकिस्तान और नक्सलवाद का बाप 'चीन' भारत के पड़ोसी हैं, इसलिए भारत इससे ज्यादा प्रभावित होता आया है7 हमारी 'मुर्ख सरकारें' भी फर्जी धर्मनिरपेक्षता, मन्दिर-मस्जिद, आरक्षण और सामाजिक न्याय, भाषा और क्षेत्र के नाम पर भारतीयों को बरगलाती रहीं और आतंकवाद, नक्सलवाद और संगठित अपराध के खिलाफ भारतीयों में सद्प्रेरणा पैदा नहीं कीं, क्योंकि विदेशी पूंजीपतियों के एजेंट भारतीय पूंजीपति भी यही चाहते थे। नई आर्थिक नीति की आड़ में इनलोगों ने भारत के जमे जमाये उद्योगों को मार दिया और अमेरिका के शह पर गुणवत्ता हीन चीनी सामानों से भारतीय बाजार को पाट दिया। जबतक मोदी सरकार, मनमोहन सरकार की 'देशद्रोही' कारगुजारियों को समझ पाई और ताबड़तोड़ काउंटर वाले फैसले लिए। इससे परेशान चीनी-अमेरिकी पूंजीपतियों के गिरोह ने कृत्रिम कोरोना महामारी पैदा कर दी। भारत पर दबाव बनाने के लिए चीन गलवान घाटी में घुस आया।

हालाँकि मोदी सरकार ने दृढ़ता पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्रों का मुकाबला करते हुए आपदा को अवसर में बदल दिया। उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध और दक्षिण चीन सागर विवाद के बीच भारत ने संतुलनकारी रूख अपनाया। यही बात बार बार अमेरिका और पश्चिमी देशों को खटक रही है। अभी हाल ही में पाकिस्तान के बलूचिस्तान में खनिज सम्पदा निकालने में अमेरिका ने जो दिलचस्पी दिखाई है, उसके लिंक भी देर-सबेर कश्मीर कांड से जुड़ जाएंगे।

चूँकि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने दो टूक स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है। ख्वाजा आसिफ ने एक बातचीत के दौरान कहा- हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने अपनी इस प्रवृति के लिए अमेरिका और पश्चिमी देशों को जिम्मेदार ठहराया। ख्वाजा ने एक बयान में माना कि पाक पिछले तीन दशकों से आतंकवाद को पाल रहा है। रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है।


मसलन वायरल हो रहे इस आशय के एक वीडियो क्लिप में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री स्काई न्यूज के यल्दा हकीम से बातचीत कर रहे हैं, जब वह उनसे पूछती हैं, 'आप मानते हैं सर, कि पाकिस्तान का इन आतंकी संगठनों को समर्थन देने, प्रशिक्षण देने और धन मुहैया कराने का लंबा इतिहास रहा है? ख्वाजा आसिफ ने अपने जवाब में कहा, 'हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं..ख्वाजा आसिफ ने आगे कहा, ब्रिटेन समेत पश्चिम... यह एक गलती थी, और हमें इसके लिए भुगतना पड़ा, और इसीलिए आप मुझसे यह कह रहे हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और बाद में 9/11 के बाद के युद्ध में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।'

वहीं भारत के साथ ऑल आउट वार की बात करने वाले ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान में लश्कर ए तैयबा खत्म हो चुका है। हालाँकि उन्होंने स्वीकार किया कि लश्कर ए तैयबा का अतीत में पाकिस्तान के साथ कुछ लिंक मिले हैं। उन्होंने कहा कि अब ये आतंकी संगठन खत्म हो चुका है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ लश्कर का लिंक मिलने का ये मतलब नहीं है कि हम इसको मदद करते हैं। इन बातों से स्पष्ट है कि आखिर पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने जैसा 'गंदा काम' क्यों कर रहा है? और जब यह बात साफ हो चुकी है तो भारत को ऐसा निर्णायक पलटवार करना चाहिए कि उनके होश ठिकाने में आ जाएँ। चूँकि भारत सत्य के साथ खड़ा है, इसलिए देर सबेर जीतेगा भारत और हारेंगे षड्यंत्रकारी! बस रूस पुराणी दोस्ती निभाता रहे और भारत उसके प्रति वफादार बना रहे!

**- कमलेश पांडेय**
वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## रोबोट का बढ़ता रोब (व्यंग्य)

यह सुनी सुनाई बात नहीं, आंखों के सामने दिख रहा है। इंसान जैसे रोबोट्स की संख्या बढ़ रही है। स्वाभाविक है उनका रोब भी बढ़ रहा है। नकली बुद्धि कारें चला रही हैं। कंप्यूटर कोड लिख रहे हैं। घर और किचन की सफाई रोबोट कर रहे हैं। डिशवाशर में बर्तन रखना आसान है लेकिन पति पत्नी दोनों अस्तव्यस्त हैं, अब खाली कौन करे, अपना रोबो है न। वेयरहाउस में सामान की छंटाई वगैरा भी करेंगे यानी इंसान के बुद्धिमान सहायकों की तरह काम करेंगे। यह बात सुनिश्चित है यदि रोबोट की प्लानिंग सही समझदार आदमी ने अच्छे वातावरण में की तो रोबोट इंसान से बेहतर काम करेंगे।



**रोबोट उन लोगों के लिए काम करने लायक है जिनके पास पैसा है, सुविधा है लेकिन समय नहीं है। उन्हें सार्वजनिक पार्क की धूल मिटटी परेशान करती है, सेहत के मेकअप के लिए जिम जाते हैं। घर का काम कर शरीर फिट रह सकता है लेकिन फिर घर के लिए बनाया रोबोट क्या करेगा।**

रोबोट उन लोगों के लिए काम करने लायक है जिनके पास पैसा है, सुविधा है लेकिन समय नहीं है। उन्हें सार्वजनिक पार्क की धूल मिटटी परेशान करती है, सेहत के मेकअप के लिए जिम जाते हैं। घर का काम कर शरीर फिट रह सकता है लेकिन फिर घर के लिए बनाया रोबोट क्या करेगा। इंसान ने खुद को सृष्टि की अनुपम कृति समझना छोड़ दिया है। वह अपनी बुद्धि, कल्पना, क्षमता, रचनात्मकता से मशीनें बनाकर उनका दास हो रहा है। रोबोट को अपनी तरह चलने, झुकने, उठने, मुड़ने, हाथ से चीजें पकड़ने की ट्रेनिंग दे रहा है। एक वक्त आएगा जब वह खुद चलने, झुकने, उठने, मुड़ने में असहाय जो जाएगा तो उसी की खोज, नकली बुद्धि ही उसकी असली मदद करेगी।

रोबोट का बढ़ता प्रयोग बताता है कि उचित तरीके से काम करने वालों की जनसंख्या कम हो रही है। आपसी मतभेद, मनभेद, नापसंद, अलगाव बढ़ रहा है। हमारे यहां कुछ इंसान दूसरों से बहुत काम करवाते हैं। मेहनत का पूरा पैसा भी नहीं देते। काम करने वाले बंदे, रोबोट की तरह बिना रुके या थके काम किए जाते हैं। महिलाएं आज भी रोबोट की तरह घर आंगन के काम किए जा रही हैं। उनकी स्वतंत्रता उनके वश में नहीं है। आवश्यक पारम्परिक निर्देशों का समावेश, पैदा होने के साथ ही उनके दिमाग में व्याप्त रहता है। यही उनके मानवीय कर्तव्य माने जाते हैं।

क्या रोबोट बनाने वाले, ऐसे रोबोट बना सकते हैं जो सिर्फ महिलाओं, निम्नवर्गीय समाज, सुविधाहीन बुजुर्गों के कल्याण के लिए ही काम करें। क्या संपन्नता ऐसा करने देगी। उसे अपना वर्चस्व खत्म हो जाने का खतरा होगा इसलिए वह कभी ऐसा नहीं होने देगी। राजनीति ऐसा रोबोट बनाने की अनुमति स्वीकृति नहीं देगी जो समाज में असमानता, जाती पाति, भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए काम करे। उसने ऐसे करोड़ों लोगों को जीवित भी तो रखना है जो हर चुनाव में एक मिनी रोबोट की तरह वोट डालते हैं, हालांकि वे रोबोट नहीं हैं फिर भी रोबोट की तरह करते हैं।

रोबोट का रोबदाब बढ़ते ही जाना है। नई दुनिया बसाने के लिए ऐसा होना लाजमी भी है। - **संतोष उत्सुक**

## राशिफल

**वैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
यात्रा का योग बनेगा और यात्रा लाभदायक होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
कोई रिस्क न लें। थोड़ा बचकर पार करिए। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान ठीक है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
लिखने-पढ़ने के लिए अच्छा समय। प्रेम के लिए अच्छा समय, संतान के लिए अच्छा समय।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कौटुंबिक सुख मिलेगा। वाणी नियंत्रित रहेगी। शुभता बनी रहेगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान मध्यम है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मीन राशि की स्थिति अच्छी होगी। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
शुभ संस्कार में शामिल होंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार भी अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
राजनीतिक लाभ मिलेगा। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद। व्यावसायिक सफलता। पिता का साथ।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। चली आ रही परेशानी दूर होगी। शादी-ब्याह तय हो सकती है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
गुण-ज्ञान की प्राप्ति। बुजुर्गों का आशीर्वाद।स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा है।

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से राष्ट्रीय एकता को मिलेगा बल : बेनीवाल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल एवं अटल फाउंडेशन के द्वारा ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आयोजित हुआ। प्रबुद्ध जन संवाद सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे शिक्षा चिकित्सा अधिवक्ता इंजीनियर महिला व सामाजिक संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी मोहित बेनीवाल व अति विशिष्ट अतिथि एमएलसी श्रीचन्द शर्मा दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लूम इंटरनेशनल के प्रबंधक यशवीर नागर व कार्यक्रम संयोजक सतेन्द्र नागर ने किया की । शुरूआत में सभी ने पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा निहत्थे नागरिक शहीद हुए उन पुण्य आत्माओं की शान्ति के लिये दो मिनट का मौन करके किया गया।

वन नेशन वन चुनाव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी मोहित बेनीवाल ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा निहत्थे लोगों की हत्या देश पर हमला किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देश की सेना उसका बदला ज़रूर लेगी क्या कब कैसे करना है उसकी पूरी तैयारी है। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन मतलब एक राष्ट्र एक चुनाव पर हम सब यहाँ सभी प्रबुद्ध जन एकत्रित हुए हैं देश की आज़ादी से अब तक देश में लगभग 400 बार चुनाव हुए है। यदि पूरे देश में एक साथ चुनाव होंगे तो न केवल संसाधनों की बचत होगी बल्कि नीति निर्माण में स्थिरता आएगी और राष्ट्र की एकता को भी बल मिलेगा।

एमएलसी श्री श्रीचन्द शर्मा ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक एक विचार देश के विकास के लिये है।

दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा एक चुनाव होगा तो भारत विकसित राष्ट् बनने की ओर तेज़ी से बढ़ेगा उसके लिये सभी राजनैतिक दलों को साथ आना चाहिए जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन के लिये सामाजिक संगठन युवा और महिलाओं को आगे आकर एक राष्ट एक चुनाव के विषय में लोगों को और अधिक जागरूक करने के काम लगना होगा ।जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन न केवल विकसित सक्षम और सशक्त भारत की प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षण संस्थान के यशवीर नागर सुभास भाटी जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज धर्मेन्द्र कोरी मनोज गर्ग सतेन्द्र नागर सुनील भाटी पवन रावल पवन नागर वीरेन्द्र भाटी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य विमल पुंडीर जलि मंत्री सत्यपाल शर्मा गुरुदेव भाटी विकास चौधरी मंडल अध्यक्ष अर्पित तिवारी अर्पणा त्रिपाठी राज नागर रामकुमार नागर दिनेश भाटी मनोज भाटी मनोज प्रधान राज़ीव सिंघल संजय भाटी सुनील रावत रणधीर राणा संगीता रावल मुकेश चौहान मनवीर नागर सुनील भाटी ओमकार भाटी आदि दर्जनों शिक्षण संस्थान बार काउंसलिंग डॉक्टर इंजीनियर व सामाजिक संगठनों के सैकडों लोगों ने एक राष्ट एक चुनाव प्रबुद्ध जन कार्यक्रम में है भाग लिया।

# भाजपाईयों ने सुनी पीएम के 'मन की बात'

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा गौतमबुद्धनगर के ज़िला इकाई मंडल इकाई मोर्चा प्रकोष्ठ और बूथ कार्यकर्ताओं ने 1115 बूथों पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने दादरी विधानसभा के बिसरख मंडल में बूथ संख्या 54 के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम सामूहिक रूप से सुना।




जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई और आतंकवाद को जड़ समाप्त करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में भाग लेकर ज़्यादा से ज़्यादा पेड़ लगाएं। प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर हम सभी ने राष्ट्र निर्माण व समाज सेवा के संकल्प को और भी मज़बूती से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

मन की बात कार्यक्रम पर मुख्य रूप सें जिला महामंत्री मनोज गर्ग दीपक भारद्वाज धर्मेन्द्र कोरी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र नागर सुनील भाटी पवन रावल विमल पुंडीर वीरेन्द्र भाटी मुकेश चौहान अर्पित तिवारी राजीव सिंघल पवन नागर पंकज रावल सत्यपाल शर्मा रवि जिन्दल मनोज भाटी महेश शर्मा विकास चौधरी गुरुदेव भाटी अमित पंडित अरुण प्रधान अशोक रावल विजय रावल अमन कौशिक नीतीश भाटी सुनील रावत हरिदत्त शर्मा दिनेश भाटी रणधीर राणा संजय भाटी राज नागर जीतेन्द्र भाटी रजनी तोमर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने बूथ पर मन की बात को जनता के साथ सुना।

# ग्रेटर नोएडा में आतंकी हमले के विरोध में कैंडिल मार्च

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आरडब्लूए टीम अफोर्डेबल हाउस सेक्टर जू-1 के द्वारा पहलगाम में निर्दोष लोगों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया और मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। कैंडिल मार्च में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



आरडब्ल्यूए अफॉर्डेबल हाउस के अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने मारे गए निर्दोष लोगों के परिवार को भरण पोषण के लिए 5 करोड रुपए परिवार में एक सरकारी नौकरी और पाकिस्तान के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग भारत सरकार से की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीमा तोंगाड, ठाकुर रोशनी सिंह, सरोजिनी शर्मा, सीमा तिवारी, संगीता, दीपावली कुमारी, एडवोकेट हेमा प्रजापति, जूली, गुंजन, सुमन, ममता, बीना, मंजू चौधरी, पूजा, नीतू, पूनम, रूपा पांडा, लता सिंह, मिस्त्रिका कुमारी, राजवती, श्रेया, दामिनी, भवानी, शिप्रा, रोली, ज्योति, गीता, रागिनी, शिवानी, उर्मिला, निशा, सुषमा, अनन्या, रजनी,जया, दुर्गा, मीना, कमलावती देवी, सुनीता देवी, द्रोपती, पूजा, कविता, स्वाती, प्रदीप तोगड, मनोज कुमार, बच्चन नागर, दिनेश ठाकुर, नितिन, दुर्गेश तिवारी, मनोहर, राजेश, उत्कर्ष, मनोज, जीत सिंह, उदय तोमर, फतेह, हरि पांडी, अस्मिन सिंह, जगन, सुजीत सिंह, नंदन ठाकुर, गौरव शर्मा, मृत्युंजय यादव, गोपाल रावत, जसवंत रावत, मनमोहन सिंह, प्रवेश शर्मा, सुंदर सिंह, विशाल कौशल, परमिंदर सिंह, अनीश जयसवाल, नवनीत मिश्रा, प्रदीप सिंह, मनोज गर्ग, अखिलेश यादव, मनोहर, रवीश कुमार, रूद्रमणि तिवारी, सीपी तिवारी, सूर्य प्रकाश तिवारी, सिंह आज सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने ऑनलाइन बनाई धरने की रणनीति

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी एवं जिला अध्यक्ष प्रवीन शर्मा एवम् जिला मंत्री गजन भाटी के निर्देशन में दनकौर ब्लाक कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक ऑनलाइन की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीन शर्मा ने की।




ब्लॉक अध्यक्ष दनकौर सतीश पीलवान ने सभी पदाधिकारी को अवगत कराया कि 1मई को पुरानी पेंशन बहाली, अंतर्जनपदीय एवं अन्तर्जनपदीय स्थानांतरण, चयन वेतनमान, पदोन्नति, मानव संपदा पोर्टल पर त्रुटियों का संशोधन आदि मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना किया जाएगा। सभी साथियों के साथ मिलकर धरने को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई एवं सभी को संपर्क के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। सभी शिक्षकों को धरने में आने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक का संचालन ब्लॉक मंत्री रामकुमार शर्मा जी ने किया।

बैठक में प्रवीन शर्मा बृजेशपाल, प्रीति पाण्डेय, राजीव शर्मा, माला बजाज,सतीश पीलवान, रामकुमार शर्मा, आलेख नागर, प्रदीप आर्य, गजराज सिंह , लता वर्मा, दीप्ति यादव, धीरज शर्मा, अर्चना सक्सेना, निर्मला त्यागी, नवनीत तिवारी, राजन मलिक, शिवम गंगवार आदि ने प्रतिभाग किया।

# पहलगाम में मारे गये लोगों की याद में निकाला कैंडिल मार्च

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सूरजपुर व्यापार मण्डल के द्वारा पहलगाम में हुए हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध में व्यापारियों ने व्यापार बंद कर आर्य समाज मन्दिर पर पहलगाम में निहत्थे इन नागरिकों की आत्मा की शान्ति के लिये मौन कर शांति पूर्ण कैंडल पैदल मार्च निकाला। मुख्य बाजार सूरजपुर चोकी से पैट्रोल पम्प से यू टर्न लेकर बाजार में होते हुए सूरजपुर आर्य समाज मन्दिर पर कैंडिल मार्च का समापन हुआ।




व्यापार मंडल सरक्षक डॉ. धनीराम देवधर ने कहा कि ऐसे हत्यारों की सजा सिर्फ मौत होनी चाहिए।

व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि धर्म पूछ कर ऐसी हत्या पहली बार हुई है इसलिए ऐसे करने वाले और ऐसे लोगों को समर्थन करने वालों को भी मौत से कम कुछ बर्दाश्त नहीं होगा। कर्मवीर ने कहा कि हत्यारों आतंकवादियों को चौराहे पर गोली मार देनी चाहिए। लक्ष्मण सिंघल ने कहा हिंदुस्तान में हिंदुओं की हत्या नहीं सहेंगे।

मुख्य रूप से सत्यपाल शर्मा भूदेव शर्मा धर्मवीर आर्य कर्मवीर आर्य अजब सिंह प्रधान ओमवीर बैसला बृजनंद शर्मा, अमित वर्मा संदीप सिंघल राजू सिंघल अभय त्यागी सोनू भैया केडी गुर्जर सुनील शर्मा, सुभाष शर्मा,मंजीत,दीपक,मोहित, आर्यन,सुरेंद्र, नितिन, कुश वर्मा,उज्जवल ,व्योम,शिव, तनिश हिंदू,लव वर्मा,रोहित दीक्षित,पवन,मोहित ,शिवा बैंसला, तुषार गुर्जर आदि सैकड़ों व्यापारी लोग शामिल हुए।

# 20 मई को 4 नए श्रम कानूनों के विरोध में हड़ताल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मजदूरों को गुलाम बनाने वाले चारों श्रम संहिताओं को रद्द कराने के लिए 20 मई 2025 को होने जा रही राष्ट्रव्यापी औद्योगिक हड़ताल को जनपद में सफल बनाने और बीएचईएल के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सेक्टर-16 नोएडा पार्क में सभा हुई।

सभा को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार देश के मजदूरों को गुलाम बनाने के लिए उद्योगपतियों के पक्ष में बेशर्मी के साथ खड़ी हो गई है, तमाम संघर्षों और कुर्बानियों से हासिल किए गए 44 श्रम कानूनों में से 29 कानूनों को समाप्त कर मोदी सरकार चार श्रम संहिताये लेकर आई हैं, और चारों श्रम संहिताओं के लागू करने पर आमदा है। इन श्रम संहिताओं के लागू होने के उपरांत उद्योगपतियों को मजदूरों के शोषण और दमन का अनुकूल वैधानिक अधिकार मिल जाएगा। चारों श्रम संहिताओं के बनते ही मालिकों को मजदूरों से 12 घंटे तक काम लेने का अधिकार बिना ओवर टाइम भुगतान किए मिल जाएगा। निश्चित अवधि की भर्ती के तहत किसी भी श्रमिक को स्थाई श्रमिक घोषित नहीं किया जाएगा और श्रमिक गण हायर एंड फायर




की नीति के तहत आते जाते रहेंगे, ट्रेड यूनियन पंजीकरण प्रक्रिया जटिल कर दिए जाने के कारण ट्रेड यूनियन पंजीकरण लगभग असंभव हो जाएगा, ट्रेड यूनियन नहीं होने के कारण मजदूरों को प्राप्त सामूहिक सौदेबाजी का अधिकार समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा मेहनतकशों के सामने 20 मई 2025 की हड़ताल पर जाने और बड़ा आंदोलन खड़े करने के सिवा कोई अब विकल्प शेष नहीं है। इसलिए सभी मजदूर साथी हड़ताल की जोरदार तैयारी में जुट जाएं।




## पृष्ठ एक के शेष....

**भारत की डिजिटल ....**

सूत्रों के मुतबिक, ऐसे यूट्यूब चैनल पहलगाम हमले के मद्देनजर पाकिस्तान से तनावपूर्ण संबंधों के बीच भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और संवेदनशील सामग्री, झूठे-भ्रामक बयान और गलत सूचना प्रसारित कर रहे थे। आतंकी हमले में 25 पर्यटकों और एक कश्मीरी को आतंकवादियों ने निर्मम तरीके से मौत के घाट उतार दिया था।

अगर कोई इन प्रतिबंधित यूट्यूबी चैनलों पर जाने का प्रयास करता है तो उसे कुछ ऐसा संदेश दिखाई देगा- %राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश की वजह से यह सामग्री वर्तमान में इस देश में उपलब्ध नहीं है। सरकार की ओर से हटाए जाने के अनुरोधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए गूगल पारदर्शिता रिपोर्ट (transparencyreport.google.com) पर जाएं।

**सिलेंडर में लगी आग...**

एक झुग्गी में फैलती गई। आग से कई और घरों के सिलेंडर ब्लास्ट हो गए।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। करीब 200 झुग्गियां जलने लगीं। आग की लपटों में फंसे लोग जान बचाकर दूर भागे। लपटें इतनी तेज थीं कि सड़क के दूसरी ओर बने घर तक पहुंच गई। उस घर का भी सामान जल गया।

इधर 200 झुग्गियों में रहने वाले लोगों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। परिवार के लोग आंखों के सामने गृहस्थी जलती देख बिलख उठे। लोग उन्हें ढांढस बंधाते रहे।

**गाजियाबाद से जयपुर....**

जयपुर से सुबह 9:25 बजे से विमान ने उड़ान भरी और 10:35 बजे फ्लाइट हिंडन हवाई अड्डे पहुंची। सप्ताह में चार दिन एयर इंडिया एक्सप्रेस कंपनी की फ्लाइट सोमवार, मंगलवार, बुधवार व गुरुवार को उड़ान भरेगी।

जयपुर से हिंडन पहुंची पहली उड़ान में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन जयपुर से गाजियाबाद पहुंचे। यहां से वह सड़क मार्ग के जरिए दिल्ली की ओर रवाना हो गए। उन्होंने जयपुर से फ्लाइट शुरू होने की लोगों को शुभकामनाएं दी। साथ ही पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की।

**भाजपा नेता के साथ....**

बताया गया कि रविवार रात को धीरज शर्मा की शिकायत पर दारोगा लेखराज सिंह समेत अज्ञात पुलिसकर्मियों पर नंदग्राम थाने में बंधक बनाने, चोट पहुंचाने और अपमानित करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### पाक सैन्य काफिले में आईईडी ब्लास्ट, 10 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में बलूच लिबरेशन आर्मी के हमले में 10 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। बीएलए ने बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली। बीएलए ने कहा कि उसके फ्रीडम फाइटर्स ने पाकिस्तानी सेना के काफिले को रिमोट कंट्रोल्ड आईडी के जरिए निशाना बनाया है। यह हमला हमारी आजादी की लड़ाई का हिस्सा है। क्वेटा से लगभग 30 किमी मार्गट चौकी के पास सैन्य काफिले को निशाना बनाया गया। बीएलए ने कहा कि दुश्मन के खिलाफ हमारा ऑपरेशन तेजी से जारी रहेगा। बलूच लिबरेशन आर्मी ने पिछले महीने बलूचिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया था।

### पूर्व फौजी ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**देहरादून।** यहां एक रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि भारतीय सेना से रिटायर्ड फौजी ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ रेप किया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। देहरादून के रायपुर थानाध्यक्ष प्रदीप नेगी के अनुसार, एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि बेटी ने कई साल बाद यह बात बताई। बेटी ने मां से कहा कि जब वो नाबालिग थी, तब से पिता दुष्कर्म करता आ रहा था। पिता, मां के साथ भी मारपीट करता था, ऐसे में डर के कारण उसने यह बात किसी को नहीं बताई। आखिर में परेशान होकर उसने मां को अपनी आपबीती सुनाई। थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल पीड़ित लड़की बालिग है। इस मामले की जांच की जा रही है। पता चला है कि आरोपी व्यक्ति भारतीय सेना से सेवानिवृत्त है।

### सक्षम जोधपुर प्रांत की दो दिवसीय बैठक सम्पन्न

**बीकानेर।** सक्षम जोधपुर प्रांत की दो दिवसीय बैठक का आयोजन बीकानेर में उत्साह और ऊर्जा के साथ सम्पन्न हुआ। बैठक में सामाजिक समरसता और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा हुई। मुख्य प्रवक्ता के रूप में उपस्थित मनु भाई पुरोहित ने सक्षम संगठन के उद्देश्य, इतिहास और समाज में समरसता लाने के प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विभाग प्रमुख टेकचंद बरडिया ने संगठन की कार्यप्रणाली और विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बताए गए समाज में पांच परिवर्तन के लक्षणों के महत्व को भी रेखांकित किया।

प्रांत अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने जोधपुर प्रांत के जिलों में संचालित सक्षम की गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजना की जानकारी दी। प्रांत सचिव सुरेश मेवाड़ा ने रामदेवरा रुणिचा मेले में आयोजित होने वाले नेत्रकुंभ के आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक वृहद स्वास्थ्य सेवा शिविर होगा, जिसमें नेत्र रोगों की जांच, उपचार और ऑपरेशन की निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। क्षेत्रीय संगठन मंत्री कमल कुमार ने कार्यकताओं को सेवा और सामाजिक सहभागिता के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में जोधपुर प्रांत के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए और संगठन के विस्तार पर विचार विमर्श किया।

# वडोदरा से 300 संदिग्धों को पुलिस ने पकड़ा

- अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन
- इस क्षेत्र में देश के विभिन्न राज्यों से आकर लोग बसे हैं
- 26 अप्रैल से चले सर्च ऑपरेशन में अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी पकड़े जा चुके हैं



एजेंसी

**वडोदरा।** राज्य के अहमदाबाद और सूरत के बाद अब अन्य शहरों में बांग्लादेश के अवैध घुसपैठियों को पकड़ने का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। वडोदरा शहर के पूर्व क्षेत्र एकतानगर में पुलिस की 10 टीम ने सर्च ऑपरेशन कर 300 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इसमें 200 पुरुषों के वैरिफिकेशन के लिए थाने ले जाया गया है। इस क्षेत्र में देश के विभिन्न राज्यों से आकर लोग बसे हैं। सर्च ऑपरेशन में बापोद सिटी पुलिस समेत डीसीबी, एसीपी, ज्वॉइंट पुलिस आयुक्त स्थल पर मौजूद थे। जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल की देर रात अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन जब वडोदरा रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो इसकी जांच में 5 बांग्लादेशी नागरिक मिले थे। इसमें पति-पत्नी और दो बच्चों समेत एक अन्य व्यक्ति शामिल है। रेलवे पुलिस ने इनकी जांच की तो इनके बांग्लादेशी होने का सबूत मिला। इसके बाद इन्हें हिरासत में लेकर थाने लाया गया। ज्वॉइंट पुलिस आयुक्त लीना पाटिल ने बताया कि हाल में जोन-4 बापोद पुलिस स्टेशन क्षेत्र में स्थित एकतानगर में 100 महिलाओं और 200 पुरुषों को डिटेन किया गया है। इसमें 200 पुरुषों को वैरिफिकेशन के लिए थाने लाया गया है। वडोदरा शहर के पुलिस आयुक्त नरसिम्हा कोमार ने बताया कि इन सभी लोगों के डाक्यूमेंट की जांच, डॉक्यूमेंट की सत्यता और यह डाक्यूमेंट किस तरह बनाए गए हैं, इन सभी की जानकारी जुटाई जा रही है। जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल की आधी रात से चले सर्च ऑपरेशन में अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी पकड़े जा चुके हैं। पुलिस इन सभी को डिपोर्ट करने की कार्रवाई में जुटी है। इसके अलावा राज्य के अन्य शहरों में भी सर्च ऑपरेशन चला कर बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। राज्य के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने मामले में गुजरात में रहने वाले अवैध बांग्लादेशियों को दो दिन के भीतर नजदीक के थानों में सरेंडर करने का अल्टीमेटम दे रखा है।

## कुपवाड़ा में आतंकियों ने सामाजिक कार्यकर्ता को गोलियों से भूना



एजेंसी

**कुपवाड़ा।** पहलगाम हमले के बाद भी आतंकी अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बीती रात एक सामाजिक कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक शनिवार देर रात आतंकवादियों ने सामाजिक कार्यकर्ता गुलाम रसूल माग्रे के घर में घुस कर गोली मार दी है। 45 वर्षीय रसूल को रात को ही अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक अभी इस बात का पता नहीं चल पाया है कि आखिर आतंकवादियों ने रसूल को निशाना क्यों बनाया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां घाटी में मजूबती के साथ ऑपरेशन चला रही हैं। ऐसे में आतंकवादी अपने बिलों से बाहर निकलकर आम नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। ऐसी ही एक घटना कुपवाड़ा जिले में हुई जहां संदिग्ध आतंकवादियों ने सामाजिक कार्यकर्ता की गोली मार कर हत्या कर दी। बता दें घाटी में पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं। पहलगाम हमले के बाद से कई आतंकियों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। पिछले दिनों हुए एक ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने आतंकी ठिकानों पर हमला किया था, जिसमें बड़ी संख्या में हथियार बरामद हुए थे।

# ईरान में हुए धमाके में मरने वालों की संख्या हुई 25



एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर हुए भीषण धमाके में करने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। जबकि 700 लोग अस्पताल में भर्ती हैं और उनका उपचार चल रहा है। धमाके के बाद प्रांतीय आपदा प्रबंधन अधिकारी मेहरदाद हसनजादेह ने बताया था कि विस्फोट काफी भयावह था। घायलों में से कई लोगों को होर्मोजगान प्रांत के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

ईरान की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा के प्रमुख यकतापरस्त ने बताया कि बंदरगाह धमाके में घायल हुए लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। शनिवार को हुए इस भीषण धमाके ने न सिर्फ बंदरगाह की गतिविधियों को ठप कर दिया है, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार और सप्लाई चेन पर भी बड़ा असर डाला है। हादसे के बाद सोशल मीडिया पर घटना के वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें काले धुएं का विशाल गुबार आसमान में उठता हुआ देखा जा सकता है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, धमाके के बाद ईरान के सीमा शुल्क प्राधिकरण ने सभी कस्टम कार्यालयों को आदेश दिया है कि वे बंदरगाह के लिए निर्यात और ट्रांजिट शिपमेंट भेजने पर तत्काल रोक लगा दें। ये रोक अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। हालांकि, जिन ट्रकों ने पहले ही सीमा शुल्क की प्रक्रिया पूरी कर ली थी, उन्हें बंदरगाह क्षेत्र से बाहर निकलने की अनुमति दी गई है।

## भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जनपद के भारत नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र बलों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। नेपाल से भारत में आवाजाही करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की कड़ी तलाशी ली जा रही है। सुरक्षा बलों के स्तर से सीमा के सभी महत्वपूर्ण रास्तों और चेक पोस्टों पर गहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जनपद में स्थित भारत-नेपाल सीमा पर भी हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

## वैंकूवर में एक अनियत्रिंत कार ने भीड़ को कुचला, कई लोगों की मौत



एजेंसी

**ओटावा ।** कनाडा के वैंकूवर में एक अनियत्रिंत कार ने भीड़ को कुचल दिया है। हमले में कई लोगों की मौत हुई है और कई घायल हो गए हैं। मरने वालों का सही आंकड़ा सामने नहीं आया है। वैंकूवर पुलिस ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात 8:00 बजे फिलीपींस कम्युनिटी के त्यौहार लापू-लापू के दौरान हुई।

पुलिस ने बताया कि एवेन्यू और फ्रेजर पर एक स्ट्रीट फेस्टिवल में भीड़ में एक कार घुसने से कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए। इसके बाद ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि वे घटना से काफी दुखी हैं। उन्होंने लिखा, मैं मारे गए और घायल हुए लोगों के प्रियजनों, फिलिपिनो-कनाडाई समुदाय और वैंकूवर के सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुख में हम सभी आपके साथ हैं। वैंकूवर के मेयर केन सिम ने कहा, आज के लापू लापू दिवस कार्यक्रम में हुई भयावह घटना से मैं स्तब्ध और अत्यंत दुखी हूं।

## अवैध पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी : फडणवीस

एजेंसी

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अवैध पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को चिह्नित कर उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई होगी। केंद्र की नीति के अनुसार, अवैध पाकिस्तानी नागरिकों को उसी तरह ढूंढा जाएगा, जैसे बांग्लादेशी प्रवासियों के मामले में किया गया था। अवैध प्रवासियों की पहचान और उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस बीच, महाराष्ट्र के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने सीएम फडणवीस की प्रशंसा कर उन्हें राज्य का अब तक का सबसे बेहतरीन मुख्यमंत्री बताया। बावनकुले ने कहा कि फडणवीस 2034 तक मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने वाले है। इस बयान पर हल्के-फुल्के अंदाज में प्रतिक्रिया देकर फडणवीस ने कहा, अगर बावनकुले का बस चले, तब वे मुझे अगले सौ साल तक मुख्यमंत्री बनाए रखे। सीएम फडणवीस ने कहा कि आतंकवाद से लड़ने का संकल्प और मजबूत हुआ है। पाकिस्तान को अगर सिंधु जल समझौते के तहत पानी की आपूर्ती? रोक दी गई, तब बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष करना होगा।

## ईडी दफ्तर वाली इमारत में भीषण आग

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में रविवार तड़के एक बड़ी घटना सामने आई जबकि दक्षिण मुंबई के बेलार्ड एस्टेट इलाके में स्थित कैसर-ए-हिंद इमारत में भीषण आग लग गई। इसी बहुमंजिला इमारत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का कार्यालय भी स्थित है, जहां कई प्रमुख राजनेताओं और व्यापारियों के खिलाफ जांच से जुड़े अहम दस्तावेज रखे हुए हैं। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, रात करीब 2:31 बजे करिंभॉय रोड पर ग्रैंड होटल के पास स्थित कैसर-ए-हिंद इमारत में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को मिली। तुरंत ही फायर ब्रिगेड की दस से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू किया।

# स्वेज और पनामा नहर से फ्री जाने चाहिए अमेरिकी जहाज : ट्रंप



एजेंसी

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति होने के साथ साथ एक कारोबारी भी है। वो इससे जुड़ी बारीकियों को बखूबी समझते हैं। ट्रंप ने कहा है कि स्वेज और पनामा नहर से अमेरिकी व्यापारिक और मिलिट्री जहाजों को फ्री आवागमन की सुविधा दी जानी चाहिए। इससे पहले भी ट्रंप कई बार पनामा नहर को अमेरिकी आधिपत्य में लाने की वकालत कर चुके हैं।

सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्रंप ने लिखा, अमेरिकी जहाजों, सैन्य और व्यापारिक दोनों को ही पनामा और स्वेज नहरों से निशुल्क आवागमन की सुविधा दी जानी चाहिए क्योंकि हमारे यानी संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के बिना यह नहरें अस्तित्व में नहीं होती। ट्रंप ने कहा कि मैंने इस बारे में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की है और इस स्थिति को ध्यान में रखने और संभव बनाने के लिए कहा है। पनामा नहर को लेकर ट्रंप का नजरिया उनके राष्ट्रपति बनने से पहले से ही जाहिर होता रहा है। उन्होंने बार-बार इस बात को दोहराया है कि वह नहर को अमेरिकी आधिपत्य में वापस लाना चाहते हैं। राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने से पहले भी उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि वह पनामा नहर पर आधिपत्य वापस पाने के लिए आर्थिक या सैन्य बल का उपयोग करने से इनकार नहीं करेंगे। पनामा को वापस लेने का दावा करने वाले ट्रंप ने पनामा पर आरोप लगाया था कि हमने इस नहर को पनामा देश को दिया था लेकिन फिलहाल इसे चीन चला रहा है। हमने इसे चीनी कंपनी या फिर चीन को नहीं दिया था।

बता दें कि पनामा नहर उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका के इस्थमस के सबसे संकरे हिस्से को काटकर बनाई गई है। यह जहाजों को अटलांटिक और प्रशांत महासागरों के बीच में अधिक तेजी से जोड़ने का काम करती है। इस नहर के जरिए ही हर साल अमेरिकी जहाजों का करीब 40 फीसदी ट्रैफिक जाता है। 100 साल से भी ज्यादा पुरानी इस नहर का निर्माण 1914 में अमेरिका ने ही किया था। बाद में कुछ साल अपने और फिर संयुक्त स्वामित्व में रखने के बाद 1999 में इसे पनामा को सौंप दिया गया था। वहीं दूसरे तरफ स्वेज नहर दक्षिण एशिया के लिए रास्ता खोलती है। यह पूरे अफ्रीका महाद्वीप का चक्कर लगाने से बचाती है।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय व अजय राय आज बस्ती में संविधान बचाओ रैली में करेंगे सम्बोधित

एजेसी

**लखनऊ ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय आज संविधान बचाओ रैली अटल प्रेक्षागृह का मैदान झंडा वाला चौराहा बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में पूर्वाह्न 11 बजे सम्बोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी श्री पाण्डेय के नीजी सचिव संतोष पाण्डेय ने हमारे संवाददाता शशि भूषण दूबे कंचनीय वरिष्ठ पत्रकार को देते हुए बताया है कि श्री पाण्डेय 28 अप्रैल को प्रातः 8 बजे इंडिगो 6 ई 5036 एयर विमान से नयी दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे और 9.30 बजे गोरखपुर पहुंचेंगे गोरखपुर से सीधे बस्ती में आयोजित संविधान बचाओ रैली में भाग लेने के लिए




रवाना होकर 11 बजे रैली में शामिल होंगे। श्री पाण्डेय ने आगे यह भी बताया है कि यूपी प्रभारी श्री पाण्डेय दिनभर के व्यस्त कार्यक्रम के पश्चात लखनऊ के लिए रवाना होकर लखनऊ से सायं काल 6.55 बजे इंडिगो एयर विमान 6 ई 2437 से नयी दिल्ली के लिए रवाना होकर 8.15 बजे रात्रि नयी दिल्ली पहुंच जायेंगे।उधर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं प्रशासनिक प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने हमारे संवाददाता को जारी एक विज्ञप्ति में बताया है कि 28 अप्रैल को पीसीसी से 8.30 बजे उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय बस्ती में आयोजित संविधान बचाओ रैली में शामिल होने के लिए रवाना होकर पूर्वाह्न 11 बजे बस्ती अटल प्रेक्षागृह मैदान झंडा वाला चौराहा बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करेंगे। श्री राय अपराह्न 3,15 बजे बस्ती में पीली कोठी स्थित अशोक कुमार सिंह के आवास पर पहुंच कर उनके ज्येष्ठ भ्राता सतीश कुमार सिंह के निधन पर सम्मवेदना ब्यक्त करने के बाद 3.45 बजे लखनऊ के लिए रवाना होकर सायं काल 6.15 बजे लखनऊ पहुंच जायेंगे।

## फिल्म डायरेक्टर हाईब्रिज गांजे के साथ गिरफ्तार

**कोच्चि।** फिल्म डायरेक्टर खालिद रहमान और अशरफ हमजा, और शलीफ मोहम्मद नाम के एक व्यक्ति को हाइब्रिड गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह रेड रविवार की रात 2 बजे के आसपास हुई। केरल एक्साइज और पुलिस की टीम गोश्री ब्रिज के पास एक फ्लैट पर की गई। बताया जा रहा है कि यह फ्लैट सिनेमेटोग्राफर समीर ताहिर का है। अधिकारियों ने वहां से 1.6 ग्राम हाइब्रिड गांजा बरामद किया। गिरफ्तारी के बाद तीनों को स्टेशन बेल पर रिहा कर दिया गया। एक्साइज डिपार्टमेंट के सूत्रों ने बताया कि यह रेड गुप्त जानकारी के आधार पर की गई थी। इससे फिल्म इंडस्ट्री में ड्रग्स के इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# झेलम में बढ़ा पानी तो पीओके में आ गई बाढ़



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** झेलम नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि होने के कारण पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे स्थानीय प्रशासन में इमरजेंसी जैसी स्थिति बन गई। पाकिस्तान ने इसे सिंधु जल समझौते का उल्लंघन बताते हुए भारत पर वाटर टेररिज्म फैलाने का आरोप लगाया है। पीओके प्रशासन का कहना है कि भारत ने बिना किसी पूर्व सूचना के उरी बांध से पानी छोड़ दिया, जिससे बाढ़ की स्थिति बन गई और हट्टियन बाला जिले में लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। मुजफ्फराबाद और चकोटी जैसे क्षेत्रों में प्रशासन ने लाउडस्पीकर के जरिए चेतावनी दी और लोगों से नदी से दूर रहने की अपील की। इसके चलते जानवरों और फसलों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। कहा जा रहा है कि भारत की ओर से यह कदम पहलगाम आतंकी हमले के बाद उठाए गए अन्य कठोर कदमों का हिस्सा हो सकता है, जब भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का निर्णय लिया था। इसके अलावा, भारत ने आतंकवादियों को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शने की बात भी कही है, जो कि पाकिस्तान के लिए एक चेतावनी हो सकती है झेलम नदी के जलस्तर में इस वृद्धि के बाद, पीओके के कई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई और स्थानीय प्रशासन ने इसे भारत द्वारा जानबूझकर किया गया एक कदम बताया, जो सिंधु जल समझौते का उल्लंघन करता है।

# चारधाम यात्राः भीड़ को संभालने और व्यवस्था बनाए रखने की योजना तैयार

एजेंसी

**देहरादून।** चारधाम यात्रा में आने वाली भीड़ को संभालने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तराखंड सरकार ने विशेष योजना तैयार की है। चारधाम यात्रा मार्ग यातायात और यात्री सुविधाओं की पड़ताल के लिए सरकार ने परिवहन अधिकारियों की टीम को उतार दिया। परिवहन सचिव बृजेश संत ने चारधाम यात्रा रूट पर यातायात व्यवस्थाओं की निगरानी और अध्ययन के लिए सरकार ने परिवहन विभाग की तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। उपायुक्त-परिवहन राजीव मेहरा की अगुआई में बनी टीम में चारधाम यात्रा के नोडल अफसर देहरादून



के आरटीओ-प्रशासन संदीप सैनी और पौड़ी के आरटीओ द्वारका प्रसाद भी इस टीम में है। शनिवार को टीम केदारनाथ रूट पर रवाना हो गई।

एसएसपी अजय सिंह ने आगामी चारधाम यात्रा में वाहनों का दबाव बढ़ने की स्थिति में रूट डायवर्जन प्वाइंट चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यात्रा मार्गों पर साइन बोर्ड लगाने के लिए भी कहा। एसएसपी ने शनिवार को शिमला बाईपास नया गांव में यात्री रजिस्ट्रेशन सेंटर और होल्डिंग एरिया का निरीक्षण किया। सरकार ने चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों और ड्राइवरों के लिए सुझाव पत्र बनाया है। यात्रियों से अपील है कि वह ऐसे वाहनों से यात्रा ना करें, जिनके टायर घिसे या रिट्रेटेड हों। ड्राइवरों को चप्पल पहनकर वाहन नहीं चलाने की सलाह दी है। यह जानकारी यात्रा के नोडल अधिकारी एवं आरटीओ देहरादून संदीप सैनी ने दी है।

इसके साथ ही पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं का ब्योरा भी जुटा लिया गया है। बीते वर्षों से सबक लेते हुए इस बार सरकार कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। इस बार ऐसा न हो, इसके लिए सरकार की ओर से पहले से तैयारी कर ली गई है। धामों में अत्यधिक भीड़ बढ़ने और आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को चिह्नित हॉल्टिंग प्वाइंट पर रोक दिया जाएगा। भीड़ प्रबंधन का यह कार्य राजधानी देहरादून में पटेल भवन में बनाए गए चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम से किया जाएगा। इसको लेकर उत्तराखंड पुलिस विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है।पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने कहा कि चारधाम यात्रा में भीड़ प्रबंधन को लेकर शासन स्तर पर निर्देश प्राप्त हुए थे। इसके क्रम में पटेल भवन में चारधाम यात्रा कंट्रोल रूम की स्थापना कर ली गई, जो शीघ्र ही काम करने लगेगा। इसके साथ ही भीड़ प्रबंधन को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की गई है। कंट्रोम रूम चारधाम यात्रा से जुड़े जिलों से समन्वय बनाते हुए हुए कार्य करेगा।

## बांग्लादेश में अभियान चला रहे 56 नेताओं और कार्यकर्ता गिरफ्तार

एजेंसी

**ढाका ।** बीते सप्ताह के दौरान चले अभियानों में बांग्लादेश की प्रतिबंधित छात्र और अवामी लीग से जुड़े अन्य सहयोगी संगठनों के 56 नेताओं और कार्यकताओं को गिरफ्तार किया। रिपोर्ट में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 19 से 25 अप्रैल के बीच कई टीमों ने अभियान चलाया, इसके परिणामस्वरूप ये गिरफ्तारियां हुई।

अधिकारियों ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में शामिल मोहम्मद आबेद अली शेख, गोपालगंज में एक सैन्य वाहन पर आगजनी के मामले में आरोपी है। एक अन्य, मोहम्मद जाकिर हुसैन सागर, 2015 में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के काफिले पर हमले से संबंधित मामले में शामिल है। नेता इमोन सहित गिरफ्तार किए गए कई अन्य लोगों के खिलाफ कथित तौर पर ढाका शहर के विभिन्न पुलिस थानों में कई मामले दर्ज हैं।ये गिरफ्तारियां महीने की शुरूआत में खुलना शहर में अवामी लीग द्वारा आयोजित जुलूस के बाद हुई हैं, जिसमें कथित तौर पर अंतरिम सरकारी निदेशों की अवहेलना की गई थी, जिसका उद्देश्य इसतरह के प्रदर्शनों को रोकना था। रिपोर्ट्स के अनुसार, बांग्लादेश अवामी लीग खुलना जिला इकाई के बैनर तले आयोजित रैली अगस्त में अवामी लीग सरकार के पतन के बाद क्षेत्र में इस तरह का पहला आयोजन था। रिपोर्ट के अनुसार, विरोध प्रदर्शन के वीडियो में दिखाया गया कि प्रतिभागी शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना के चित्र वाला एक बैनर लेकर चल रहे थे।

## खास खबर

### पंजाब किंग्स शीर्ष 4 में पहुंची

**मुम्बई ।** आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद अंक तालिका में मामूली बदलाव आया है। केकेआर और पंजाब के बीच मैच के रद्द होने से दोनों ही टीमों को एक-एक अंक मिला है। इससे पंजाब किंग्स शीर्ष 4 में पहुंच गई जबकि मुंबई इंडियंस पांचवें स्थान पर खिसक गयी। वहीं केकेआर सातवें स्थान पर ही बरकरार हैं। आईपीएल अंक तालिका में गुजरात टाइटन्स पहले स्थान पर है, जबकि दूसरे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स है और तीसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) है। इन तीनों टीमों के खाते में 12-12 अंक हैं। नेट रन रेट गुजरात का सबसे ज्यादा है। ऐसे में वह शीर्ष पर है। पंजाब किंग्स के खाते में अब 11 अंक हो गए हैं और इस तरह टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई है। चौथे स्थान पर अभी तक मुंबई इंडियंस थी, जो पांचवें स्थान पर खिसक गयी है। उसके 10 अंक हैं। छटे स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है। उसके 10 अंक हैं पर नेट रन रेट मुम्बई का बेहतर है। केकेआर सात अंकों के साथ सातवें नंबर पर विराजमान है।

### रैना ने धोनी का किया बचाव जडेजा पर साधा निशाना

**मुम्बई।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खराब प्रदर्शन को लेकर कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का बचाव किया है। रैना ने कहा है कि नीलामी में सही खिलाड़ी नहीं लिए गये हैं और ऐसे में दोषी टीम प्रबंधन है। रैना के अनुसार नीलामी में धोनी की कोई भूमिका नहीं थी। रैना ने हालांकि ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा की ओर निशाना साधा है। रैना ने कहा, धोनी 43 साल की उम्र में भी विकेट कीपिंग कर रहे और कप्तानी कर रहे। वे टीम के ब्रॉन्ड के लिए खेल रहे। वे पूरी टीम का भार उठाये हुए हैं पर वे खिलाड़ी क्या कर रहे हैं जो 18 करोड़, 17 करोड़ या 12 करोड़ में खरीदे गए। वे कप्तान की योजना के हिसाब से नहीं खेल रहे। जडेजा सीएसके के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। उन्हें 18 करोड़ रुपए मे रीटेन किया गया है। सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग भी मान रहे हैं कि नीलामी में गलती हुई है।

### आईपीएल में प्रभुसिमरन के 1,000 रन पूरे

**कोलकाता ।** पंजाब किंग्स के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह आईपीएल में 1000 रन बनाने वाले टीम के पहले अनकैप्ड बल्लेबाज बन गये हैं। प्रभसिमरन ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में लगाये अर्धशतक के दौरान ही अपने 1000 रन पूरे किये। अनकैप्ड खिलाड़ी वो होता है जिसने कभी भी आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में कभी अपने देश की ओर से नहीं खेला हो।
प्रभसिमरन ने अपनी पारी के दौरान 49 गेंदों में छह चौकों और छह छक्कों की सहायता से 83 रन बनाये। उन्होंने 169.39 के स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए हैं। इस सत्र में उन्होंने 9 पारियों में 32.44 के औसत से 292 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 83 है। उन्होंने कुल मिलाकर 43 मैचों में उनके 24.37 के औसत और 151.88 के स्ट्राइक रेट से 1,048 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं।

# राजस्थान रायल्स पर जीत के इरादे से उतरेगी गुजरात टाइटंस

एजेंसी

**जयपुर ।** आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स से खेलेगी। इस मैच में टाइटंस का लक्ष्य जीत हासिल कर नंबर एक पर बने रहना है। टाइटंस ने अब तक आठ मैचों में से छह में जीत के साथ ही अंक तालिका में सबसे अधिक 12 अंक हासिल किये है। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम 4 अंकों के साथ 9वें नंबर पर है। ऐसे में इस मैच में टाइटंस की टीम जीत की प्रबल दावेदार है हालांकि रॉयल्स को घरेलू मैदान का लाभ जरुर मिलेगा पर इसके बाद भी



वह काफी कमजोर है। टाइटंस की बल्लेबाजी और गेंदबाजी काफी अच्छी है। उसके बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अब तक सबसे अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप के सबसे बड़े दावेदार के तौर पर उभरे हैं। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा सबसे अधिक विकेटों के साथ ही पर्पल कैप के नंबर एक दावेदार हैं। इसके अलावा टीम के पास कप्तान शुभमन और और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज भी हैं। दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स इस सप्ताह की शुरूआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मिली हार के बाद ही प्लेऑफ की रैस से बाहर हो गयी थी। नौ मैचों में सातवीं हार के साथ ही वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर हैं। रॉयल्स की टीम इस सत्र में करीब तीन मैचों में जीत के करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी है। पिछ्ले तीन मैचों में जीत के करीब पहुंची लेकिन करीबी मैचों को अपने पक्ष में मोड़ने में नाकाम रही।

## गोयनका खिलाड़ियों को फैसले लेने में आजादी देते हैं : पूरन

एजेंसी

**लखनऊ ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बल्लेबाज निकोलस पूरन ने फ्रैंचाइजी मालिक संजीव गोयनका का बचाव करते हुए कहा है कि वह खिलाड़ियों को फैसले लेन में आजादी देते हैं। गोयनका टीम की रणनीतियों में शामिल रहते हैं और माना जाता है कि उनका रवैया खिलाड़ियों की ओर सख्त रहता है। पिछले सत्र में कप्तान रहे केएल राहुल के साथ हुई उनकी बहस के बाद खास विवाद भी उठा था। राहुल को इसके बाद रिटेन नहीं किया गया था। इस बार भी वह टीम की हार के बाद कप्तान ऋषभ पंत के साथ हुई बातचीन के लिए निशाने पर रहे हैं। उन पर खेल के मामलों में बिना कारण हस्तक्षेप के आरोप लगते रहे हैं। पूरन ने गोयनका के कामकाज की प्रशंसा करते हुए




कहा है कि वह खिलाड़ियों का पूरा समर्थन करते हैं और उन्हें खेल के आधार पर फैसले लेने की आजादी देते हैं। पूरन ने बताया कि फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों को कई अवसर प्रदान किए हैं, जिसका प्रभाव पूरी टीम के प्रदर्शन पर नजर आया है। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। पूरन ने उम्मीद जताई कि इससे अब आने वाले मैचों में टीम बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। पूरन इस सत्र में जबरदस्त फॉर्म में हैं।

## कोपा डेल रे फाइनलः बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया

▸ कोंडे ने एक्स्ट्रा टाइम में किया विजयी गोल

एजेंसी

**सेविले।** बार्सिलोना के डिफेंडर जूल्स कोंडे ने शनिवार को सेविले में खेले गए रोमांचक कोपा डेल रे के फाइनल में अतिरिक्त समय में गोल दागकर अपनी टीम को रियल मैड्रिड पर 3-2 की शानदार जीत दिलाई। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने रिकॉर्ड 32वां स्पेनिश कप अपने नाम किया।
ला कातूर्जा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पेड्री (28वें मिनट) ने बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। लेकिन दूसरे हाफ में सात मिनट के भीतर किलियन एम्बाप्पे (70वें




मिनट) और ऑरेलियन चूअमेनी (77वें मिनट) के गोल से रियल मैड्रिड ने मैच में वापसी कर ली। फिर 84वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल कर मैच को अतिरिक्त समय में पहुंचाया। अंततः जूल्स कोंडे ने निर्णायक गोल दागकर बार्सिलोना को ऐतिहासिक जीत दिलाई। मैच के अंतिम क्षणों में रियल मैड्रिड के डिफेंडर एंटोनियो रुडिगर को रेफरी की ओर वस्तु फेंकने के कारण लाल कार्ड दिखाया गया। वहीं लुकास वाजक्वेज भी विरोध करने पर बाहर कर दिए गए। रियल कोच कार्लो एंसेलोटी ने मैच के बाद रेफरी पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रियल मैड्रिड ने एम्बाप्पे को शुरूआती एकादश में नहीं रखा था, लेकिन चोट से उबरने के बाद वह दूसरे हाफ में मैदान पर उतरे और 70वें मिनट में शानदार फ्री-किक से स्कोर बराबर किया। इसके बाद चूअमेनी ने हेडर से मैड्रिड को बढ़त दिलाई। बार्सिलोना के लिए युवा विंगर लामिन यमाल ने भी शानदार प्रदर्शन किया और टोरेस को बराबरी का गोल करने में मदद की। अतिरिक्त समय में बार्सिलोना ने दबदबा बनाए रखा। अंततः लुका मोड्रिच की गलती का फायदा उठाते हुए कोंडे ने दूर से शक्तिशाली शॉट लगाया और बार्सिलोना को विजयी बना दिया।

## जिनसे मिला ही नहीं उनसे मेरा नाम जोड़ा गया : शुभमन

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज और आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल अपने खेल के साथ ही निजी जिंदगी को लेकर भी चचाओं में बने रहते हैं। कुछ समय पहले सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर के साथ उनके नाम को जोड़ा गया था। इसके बाद वह बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान के साथ भी देखे गए। वहीं हाल में एक साझात्कार में शुभमन ने इन सभी बातों को आधारहीन बताया है। इस



बल्लेबाज ने कहा कि वह सिंगल हैं। उन्होंने कहा कि मेरा नाम ऐसे लोगों से जोड़ा गया है जिनसे मैं कभी मिला ही नहीं। इसलिए मुझे इन बातों पर हैरानी होती है। मैंने कुछ लोगों को अपने जीवन में कभी देखा तक नहीं, फिर भी मेरे बारे में ऐसी बातें फैलती हैं। साथ ही कहा कि उनका पूरा ध्यान इस समय अपने करियर पर है आर रिलेशनशिप के लिए उनके पास न तो समय है और न ही रुचि। सारा तेंदुलकर के साथ उनकी कथित डेटिंग की अफवाहें सोशल मीडिया के एक इंस्टाग्राम कमेंट से शुरू हुई थीं हालांकि दोनों को कभी सार्वजनिक रूप से एक साथ नहीं देखा गया। इसके अलावा, शुभमन का नाम पहले अभिनेत्री सोनम बाजवा के साथ भी जोड़ा गया था, लेकिन इन अफवाहों में भी कोई सच्चाई नहीं पाई गई।

## कराटे टेक्निकल सेमीनार का आयोजन



एजेसी

**रांची ।** युनियन क्लब,थड़पखना ,रांची में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के तत्त्वावधान में हॉंशी मानस सिन्हा के आध्यक्षता में रेफरी और जजेस के लिए कराटे टेक्निकल सेमीनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में झारखण्ड राज्य के कराटे इंडिया ऑगेर्नेशन के सर्टिफाइड रेफरी एवं जज भाग लिये । सेमिनार में वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नए काता एवं कुमिते के नए रूल्स का प्रैक्टिकल ट्रेनिंग एशियन कराटे जज सेंसाई हेजाज असदक के द्वारा दिया गया। आज के मुख्य अथिति यूनियन क्लब के सचिव सेतांका सेन (अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच ) ,विशिष्ठ अथिति सेंसाई के के सिंह थे। मुख्य रूप से आज के सेमिनार में नरेंद्र सिन्हा, शशि पांडे,संजय मिश्रा, कुमार दीपाली, नंद किशोर महतो, कमल नायक,रुपेश कुमार महतो,उमेश कुमार रजक,संदीप लाल, दुर्गा प्रसाद, मदन लाल, मार्सल टुड्डी, जोगेंद्र गंजु, राशी सिन्हा, शादाब खान, महादेव गुप्ता, अमृत मुंडा, चंदन कुमार, विमल दीप लाल,पंकज कुमार सिंह, धनंजय श्रीवास्तव, रंजीत मेहता ने भाग लिये।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 4 मई को

**रांची ।** जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा आगामी 4 मई 2025 को रांची जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन होटवार एथलेटिक्स स्टेडियम में करेगी। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका अंडर 14 आयु वर्ग तथा पुरुष एवं महिला वर्ग की स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगियों को अपने साथ अत्रक्क वक्क कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता सुबह 7:00 से शुरू होगी। 14- 16 आयु वर्ग की प्रतियोगीयो को 30 जुलाई 2025 तक आयु पूरी होनी चाहिए। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं रखा गया है यह जानकारी संघ के सचिव प्रभाकर कुमार वर्मा ने दी।

**आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता**

## झारखंड के जिम्नास्टों ने जीता ऑल राउंड कांस्य पदक

▸ व्यक्तिगत फाइनल में भी मजबूत उपस्थिति

एजेसी

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025-26 में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल राउंड श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है। झारखंड के जिम्नास्टों ने न केवल टीम स्पर्धा में उत्कृष्टता दिखाई, बल्कि व्यक्तिगत स्पधाओं में भी दमदार प्रदर्शन करते हुए तीन खिलाड़ी फाइनल में स्थान बनाने में सफल रहे हैं। व्यक्तिगत फाइनल मुकाबले कल आयोजित होंगे, जिनमें झारखंड के खिलाड़ी पदक जीतने के लिए मैदान में



उतरेंगे। झारखंड के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर पूरे राज्य में खुशी का माहौल है। झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आर. के. आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, अध्यक्ष रंजन कुमार, उपाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव, कार्यकारी सचिव राजीव, प्रशासनिक सचिव डॉ. दीपक साहू, संयुक्त सचिव लक्ष्मण सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष गोविंद झा, धनबाद के सचिव शशिकांत पांडे और श्रीमती मुक्ति लता खेस ने झारखंड के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी जिम्नास्टों और विशेषकर प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार 'जीतू' को बधाई दी है। संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का गौरव बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।
सभी ने एक स्वर में कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि से झारखंड में जिम्नास्टिक खेल को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा और आने वाले समय में और भी युवा खिलाड़ी इस खेल में अपना भविष्य बनाएंगे। झारखंड जिम्नास्टिक संघ ने इस उपलब्धि को राज्य के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है।

## कृष्णा भविष्य में भारतीय टीम के लिए भी बड़ी भूमिका निभाएंगे : रायुडू

एजेसी

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आने वाले समय में भारतीय टीम की ओर से अहम भूमिका निभाएंगे। कृष्णा ने आईपीएल के इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। वह अभी तक सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के कारण पर्पल कैप के दावेदार हैं। गुजरात की टीम अभी अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसकी ओर से कृष्णा ने अब तक 16 विकेट लिए हैं। कृष्णा पिछले काफी समय से फिटनेस की दिक्कतों के कारण खेल से दूसरे थे पर इस साल की शुरूआत



में ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में छह विकेट लेकर अपनी क्षमताएं दिखायीं थीं। इसके बाद से ही वह लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। रायुडू ने कहा, वह शानदार लय में दिख रहे हैं। उनकी ताकत पिच पर जोरदार तरीके से गेंद फेंकना है । उनकी गेंदबाजी में बहुत सारी विविधताएं हैं, उनकी धीमी गेंद भी काफी प्रभावी है। मुझे लगता है कि वह न केवल गुजरात ही नहीं भारतीय टीम के लिए भी भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। वहीं पूर्व दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी मार्क बाउचर भी रायुडू से सहमत हैं और उनका भी कहना है कि कहा कि कृष्णा अच्छी गति से गेंदबाजी कर रहे हैं और गुजरात को काफी फायदा पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह अपनी गेंदबाजी का आनंद लेते हैं। वह विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में सामने आये हैं जो दबाव हटाता है। उनकी गति बढ़ गई है। उनकी लैंथ के कारण उन्हें अच्छा उछाल मिलता है। जब वह गेंदबाजी करते हैं तो ऑफ स्टंप पर अच्छी और टाइट गेंद डालते हैं। इसलिए गेंद को ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ती।

## चयन ट्रायल का सफल समापन

एजेसी

**रांची ।** 27 अप्रैल को नेपाल हाउस डोरंडा रांची में पेनकैक सिलाट का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर और चयन ट्रायल का सफलतापूर्वक आयोजित किए गया। झारखण्ड पेनकैक सिलाट एसोसिएशन द्वारा आयोजित ट्रायल में झारखण्ड के सभी संबद्ध जिलों से 65 पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों को हमारे संघ के चीफ टेक्निकल डायरेक्टर बिजय कुमार सर के द्वारा फाइट की सभी बारीकियां बताई गई जिससे सभी खिलाड़ी अपना अच्छा प्रदर्शन कर सकें। चयनित खिलाड़ी झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व



करेंगे। मई में होने वाली 13वीं सीनियर एवं मास्टर राष्ट्रीय पेनकैक सिलाट चैंपियनशिप, जो कि के. डी. सिंह बाबू इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स लखनऊ उत्तर प्रदेश में 8 मई 2025 से 12 मई 2025 तक आयोजित होने वाला है । हम भारतीय पेनकैक सिलाट महासंघ के निदेशक मोहम्मद इकबाल सर के प्रति उनके अमूल्य मार्गदर्शन और नेतृत्व और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। हम राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता की आशा करते हैं।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने टाइम्स स्क्वायर को किया रोशन

▸ न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर जीआई-पीकेएल के जरिए कबड्डी की शानदार प्रस्तुति, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता का गवाह बना

एजेंसी

**गुरुग्राम (हरियाणा)।** ग्लोबल इंडियन-प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) भारत और दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर रही है। रविवार को न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर एक डिजिटल कैंपेन के जरिए भारत के पारंपरिक खेल कबड्डी को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया गया। यह ऐतिहासिक कदम भारतीय कबड्डी के लिए एक बड़ी छलांग साबित हुआ, जिसने न




केवल इस खेल की वैश्विक अपील को उजागर किया, बल्कि लीग के सीमाओं से परे दर्शकों से जुड़ने के प्रयासों को भी रेखांकित किया। टाइम्स स्क्वायर पर कबड्डी की यह भव्य उपस्थिति भारत के स्वदेशी खेल की दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल मंचों में से एक पर शानदार प्रस्तुति का प्रतीक बनी। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी जीआई-पीकेएल में अपने अनुभव का आनंद ले रहे हैं, जो दुनिया भर में कबड्डी की बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ता है। केन्या की आइरीन एटिएनो ओटिएनो, जो जीआई-पीकेएल में हरियाणवी ईगल्स टीम का हिस्सा हैं, ने कहा, ₹मेरा अनुभव बहुत सीखने वाला रहा है, क्योंकि मुझे लगा था कि मैं कबड्डी के सभी नियम जानती हूं। लेकिन यहां आकर मुझे एक और अधिक पेशेवर तरीके से कबड्डी खेलना सीखने को मिला। मैं बहुत विनम्र महसूस कर रही हूं। हंगरी की जीता कोर्बर ने कहा, मैं इस अनुभव का बहुत आनंद ले रही हूं। मेरे देश (हंगरी) के लोग मानते हैं कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि जीआई-पीकेएल में खेल रही हूं, और वे पूरे टूनार्मेंट के दौरान मेरा समर्थन कर रहे हैं।जीआई-पीकेएल के प्रति प्रतिक्रिया पर बात करते हुए होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कांति डी. सुरेश ने कहा, ह्लटाइम्स स्क्वायर पर कबड्डी को देखना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। यह हमारे इस विश्वास को और मजबूत करता है कि कबड्डी अब वैश्विक मंच के लिए तैयार है। हम बेहद रोमांचित हैं कि दुनिया हमारे खेल को इतने उत्साह के साथ अपना रही है। इस महीने की शुरूआत में, जीआई-पीकेएल के आगाज से पहले दिल्ली-एनसीआर, बरेली, लखनऊ, देहरादून, गोरखपुर, हैदराबाद और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों में 30 से अधिक प्रमुख होर्डिंग्स लगाए गए थे, जिसने ग्लोबल इंडियन-प्रवासी कबड्डी लीग के लिए एक भव्य दृश्य प्रस्तुत किया। इस बीच, लीग अब अपने निर्णायक चरण की ओर बढ़ रही है, जहां पंजाबी टाइगर्स, मराठी वल्चर्स, तमिल लायंस और भोजपुरी लेपर्ड्स ने शनिवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पहला सेमीफाइनल सोमवार को शाम 7:00 बजे मराठी वल्चर्स और पंजाबी टाइगर्स के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल तमिल लायंस और भोजपुरी लेपर्ड्स के बीच होगा।




मैड्रिड में टेनिस टूर्नामेंट में भाग लेती हुई चेक गणराज्य की लिंडा नोसकोवा।

## खास खबर

### ग्राहकों के लिए खास ऑफर्स लेकर आई मारुति सुजुकी

**नई दिल्ली।** चालू महीने में मारुति सुजुकी ने अपनी बलेनो कार पर ग्राहकों के लिए खास ऑफर्स लेकर आई है। बलेनो, हयूदै आई20, टाटा अल्ट्राज और टोयोटा ग्लाझा जैसी कारों से प्रतिस्पर्धा करती है और लंबे समय से इस श्रेणी में सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही है। बलेनो की कीमत रुपए 6,70,000 से रुपए 9,92,000 (एक्स-शो रुम) तक है और इस पर कुल रुपए 57,100 तक के ऑफर्स उपलब्ध हैं। इनमें रिगल किट रुपए 42,280 और अतिरिक्त रुपए 27,100 के ऑफर्स शामिल हैं। मारुति ने एफवाय25 में बलेनो की 1,67,161 यूनिट्स बेचीं, जबकि पिछले वितीय वर्ष (एफवाय24) में यह आंकड़ा 1,95,607 यूनिट्स था। हालांकि, हाल ही में लॉन्च हुई बलेनो पर आधारित मारुति सुजुकी फ्रॉन्स ने कुछ हद तक बलेनो की बिक्री को प्रभावित किया है। इन दोनों कारों में समान पावरट्रेन और इंटीरियर्स का इस्तेमाल किया गया है। बलेनो में 1.2-लीटर ड्यूल-जेट ड्यूल-वीवीटी पेट्रोल इंजन है, जो 89.73 पीएस की पावर और 113एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है। इसके अलावा, इसमें 5-स्पीड मैन्युअल और 5-स्पीड एएमटी ट्रांसमिशन के विकल्प भी हैं। बलेनो का सीएनजी विकल्प भी उपलब्ध है, जो 77.5पीएस और 98.5 एनएम के साथ आता है।

### नियमों में बदलाव, 10 लाख रुपये से अधिक की कीमत वाले सामानों पर देना होगा अतिरिक्त टैक्स

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 10 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले कई लग्जरी सामानों पर अब टैक्स कलेक्टेड एप सोर्स (टीसीएस) लगाने का दायरा बढ़ाया है। नई व्यवस्था मंगलवार को अधिसूचित की गई थी और यह आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 206सी (1एफ) में किए गए संशोधन के तहत लागू होगी। इसके तहत 10 लाख रुपये से ज्यादा कीमत वाले विशेष हाई-वैल्यू आइटम्स पर 1 फीसदी टीसीएस अनिवार्य किया गया है। पहले यह प्रावधान केवल 10 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले मोटर वाहनों पर लागू होता था। लेकिन अब वित्तीय (संशोधन) अधिनियम, 2024 के तहत इस दायरे में अन्य महंगे सामानों को भी शामिल किया गया है। अगर आप 10 लाख से ज्यादा कीमत वाले लग्जरी सामान खरीदने की सोच रहे हैं, तब अब आपको अतिरिक्त टैक्स देना पड़ सकता है। वित्त (संशोधन) अधिनियम, 2024 के तहत इनकम टैक्स एक्ट 1961 की धारा 206सी(1एफ) में बड़ा बदलाव किया गया है। इस बदलाव के जरिए अब सिर्फ महंगी कारों पर ही नहीं, बल्कि कुछ और महंगे सामानों पर भी टैक्स कलेक्शन एट सोर्स (टीसीएस) लगाया जाएगा।

### विराट लीजिंग लिमिटेड का ऐलान, शेयरों को 2 हिस्सों में बांटा जाएगा

**मुंबई।** विराट लीजिंग लिमिटेड ने शेयरों के बंटवारे की घोषणा की है। इसके मुताबिक कंपनी के शेयरों को 2 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया है। कंपनी के शेयरों का भाव 100 रुपये से कम का है। मार्केट एक्सचेंज को दी जानकारी में विराट लीजिंग लिमिटेड ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 2 टुकड़ों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 5 रुपये होगी। विराट लीजिंग लिमिटेड ने जानकारी देकर बताया है कि स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट 16 मई 2025 तय होगा है। यह पहली बार है जब कंपनी के शेयरों का बंटवारा हुआ है। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक कंपनी ने अभी तक एक बार भी बोनस शेयर या डिविडेंड भी नहीं दिया है। शुक्रवार को विराट लीजिंग लिमिटेड के शेयरों में 2 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा था। इसके बाद कंपनी के शेयर मार्केट क्लोजिंग के टाइम पर 74.73 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। इससे पहले कंपनी के शेयरों में 21, 23 और 24 अप्रैल को कंपनी के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है। बीते एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 40 प्रतिशत की तेजी आई है।

अश्विनी वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण बनाने वाली कंपनियों को डिजाइन टीम बनाने की दी सलाह

# गुणवत्ता और बेहतर डिजाइन प्रक्रिया पर ध्यान देना आवश्यक

- कंपनियों ने अपनी डिजाइन टीम में 5,000 इंजीनियर शामिल किए हैं
- डिजाइन टीम बनानी ही होगी इसके साथ ही मंत्री ने उत्पादों की गुणवत्ता पर भी जोर दिया
- सिक्स सिग्मा से कम कुछ भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने वाली कंपनियों को सरकार की प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाने के लिए डिजायन टीम बनानी होगी और अपने उत्पादों की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर तक पहुंचाना होगा। मंत्री ने यह भी कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जों की विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के तहत कंपनियों की मंजूरी देने से पहले इन दोनों कारकों पर ध्यान दिया जाएगा, हालांकि इसे औपचारिक मानदंड के रूप में नहीं रखा जाएगा। वैष्णव ने कहा, मैं इस योजना में भाग लेने वाली हर कंपनी से डिजायन टीम बनाने का अनुरोध करता हूं। हालांकि, इसे औपचारिक मानदंड नहीं बनाया गया है, यह एक अनौपचारिक मानदंड के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ कंपनियों ने अपनी डिजाइन टीम में 5,000 इंजीनियर शामिल किए हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया, यदि आपके पास डिजाइन टीम नहीं है और आप सभी आवश्यक मापदंडों को पूरा कर रहे हैं, तब भी हम आपको मंजूरी नहीं देंगे। डिजाइन टीम बनानी ही होगी। इसके साथ ही मंत्री ने उत्पादों की गुणवत्ता पर भी जोर दिया। उन्होंने कंपनियों से आग्रह किया कि वे सिक्स सिग्मा गुणवत्ता स्तर हासिल करें, जो उच्चतम गुणवत्ता और दक्षता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, सिक्स सिग्मा से कम कुछ भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम केवल विनिर्माण की मात्रा पर नहीं, बल्कि उत्पादों की गुणवत्ता पर भी आपकी प्रगति का मूल्यांकन करेंगे।

सिक्स सग्मा से आशय

सिक्स सिग्मा से आशय है एक ऐसी गुणवत्ता प्रक्रिया, जिसका उद्देश्य त्रुटियों को न्यूनतम करना, विविधताओं को दूर करना और गुणवत्ता एवं दक्षता को बढ़ाना है। मंत्री अश्विनी वैष्णव का यह बयान कंपनियों को यह संदेश देता है कि सिर्फ मापदंडों को पूरा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उच्च गुणवत्ता और बेहतर डिजाइन प्रक्रिया पर भी ध्यान देना आवश्यक होगा, यदि वे सरकार की प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाना चाहती हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के लिए पोर्टल लांच

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के दिशा-निर्देश और पोर्टल लांच किए। इस योजना के लिए कुल बजट 22,919 करोड़ रुपये रखा गया है और इसका कार्यकाल 6 सालों का होगा (वित्त वर्ष 2025-26 से 2031-32 तक), जिसमें एक वर्ष का गेस्टेशन पीरियड भी शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय की ओर से बताया गया कि इस योजना का मकसद देश में इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स के निर्माण को बढ़ावा देना, बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करना और भारतीय कंपनियों को वैश्विक वैल्यू चेन से जोड़ना है। इस मौके पर मंत्री वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री को मजबूत करने के लिए सरकार की रणनीति को चरणबद्ध तरीके से समझाया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले भारत ने तैयार उत्पादों की असेंबली पर ध्यान केंद्रित किया ताकि बड़े पैमाने पर उत्पादन का आत्मविश्वास मिल सके। इसके बाद मॉड्यूल निर्माण, कंपोनेंट निर्माण और अब मटीरियल प्रोडक्शन की दिशा में प्रगति की गई है। वैष्णव ने बताया, फिनिश्ड गुड्स के वैल्यू चेन में 80 से 85 प्रतिशत योगदान होता है। इस क्षेत्र में भारत ने अब तक अद्भुत स्केल हासिल किया है। देश में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र ने बीते एक दशक में उल्लेखनीय प्रगति की है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन पांच गुना बढ़ा है, जबकि निर्यात में छह गुना से ज्यादा का इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि निर्यात का चक्रवृद्धि वार्षिक विकास दर (सीएजीआर) 20 प्रतिशत से अधिक रही है, वहीं उत्पादन का सीएजीआर 17 प्रतिशत से ज्यादा रहा है। मंत्री वैष्णव ने कहा कि मोबाइल फोन, सर्वर, लैपटॉप और आईटी हार्डवेयर जैसे बड़े सेगमेंट्स ने जबरदस्त रफ्तार दिखी है, जिससे भारत को भविष्य में और बड़ी सफलता हासिल करने की मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्पोनेंट्स एंड सिस्टम्स (ईसीएमएस) योजना सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री तक सीमित नहीं रहेगी।

## बजाज आलियान्ज जनरल इंश्योरेंस ने पेश किया क्लाइमेटसेफ

- मौसम जनित जोखिमों के खिलाफ तुरंत क्लेम देने और मनमाफिक सुरक्षा देने वाला




एजेसी

**रांची।** भारत की प्रमुख निजी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक बजाज आलियान्ज जनरल इंश्योरेंस ने 'क्लाइमेटसेफ' नामक एक नया बीमा प्रोडक्ट लॉन्च किया है। जलवायु परिवर्तन से जुड़ी घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए, यह प्रोडक्ट उन लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है जो इसके प्रभावों से सबसे ज्यादा जद में आते हैं। यह बीमा विशेष रूप से खुदरा ग्राहकों, ऑफिस जाने वालों, ऑटो/टैक्सी चालकों, खुदरा दुकान मालिकों, डिलीवरी एजेंटों, घरेलू सेवा देने वाले प्रोफेशनल, गिग वर्कर्स, घरों में रहने वालों और कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिन्हें ज्यादा गर्मी, ठंडी लहरों और भारी बारिश जैसी जलवायु घटनाओं के कारण इनकम में कमी या खर्चों में वृद्धि का सामना करना पड़ता है।क्लाइमेटसेफ इंश्योरेंस में उन स्थितियों को कवर किया गया है जिनमें अत्यधिक गर्मी के कारण बढ़े हुए बिजली बिल, यात्रा में अप्रत्याशित खर्च, खराब मौसम के कारण ग्राहकों की संख्या में कमी से बिक्री में गिरावट, बाढ़ के कारण सप्लाई चेन में देरी, लंबे समय तक बारिश से होने वाले रिसाव, भारी बारिश के कारण दुर्घटनाएं, गंभीर मौसम के कारण डेली वेज वर्कर्स के इनकम में नुकसान, बाढ़ और गर्मी की लहरों से घरेलू सामानों की क्षति, और खराब मौसम के कारण प्रोग्राम का कैन्सल हो जाना शामिल हैं। क्लाइमेटसेफ एक नया और आसान बीमा प्रोडक्ट है, जिसे ग्राहक साल में कई बार खरीद सकते हैं। इसमें क्लेम बिना किसी ज्यादा सूचना और कम से कम डॉक्युमेंट्स के साथऑटोमैटिक सात दिनों के भीतर निपटा दिए जाते हैं। यह बीमा प्रोडक्ट वास्तविक समय के मौसम डेटा के आधार पर प्रीमियम और कवरेज प्रदान करता है।

## पोर्टफोलियो में अल्ट्रोज सीएनजी फेसलिफ्ट वर्जन जोड़ने की योजना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वदेशी टाटा मोटर्स कंपनी अपने पोर्टफोलियो में अल्ट्रोज सीएनजी फेसलिफ्ट वर्जन जोड़ने की योजना बना रही है। हाल ही में इस कार को टेस्टिंग के दौरान देखा गया और पुणे में रोड टेस्ट के दौरान इसकी स्पाई फोटोज भी सामने आई हैं। इसे इस साल के अंत तक लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। अल्ट्रोज सीएनजी फेसलिफ्ट में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं। फ्रंट फेसिया में प्रमुख अपडेट हैं, जैसे शार्प लाइटिंग सेटअप और ग्रिल-बम्पर में बदलाव। इन अपडेट्स से यह हैचबैक और भी स्पोर्टी नजर आएगी। टेस्टिंग व्हीकल में स्टील व्हील का उपयोग किया गया है, जो निचले वैरिएंट को दशार्ता है। वहीं, पिछले हिस्से में रिफ्रेश की गई एलईडी टेल लाइट और अपडेटेड बंपर होने की संभावना है। इंटीरियर्स में भी बदलाव किए गए हैं, जैसे कि एसी वेंट्स पर पियानो ब्लैक फिनिश और नया टू-स्पोक स्टीयरिंग व्हील जिसमें इल्यूमिनेटेड टाटा लोगो है।सीएनजी मोड में यह इंजन 73.5 पीएस पावर और 103 एनएम टॉर्क जनरेट करता है।




## भारतीय मादक पेय पदार्थों के लिए वैश्विक बाजारों में काफी मौके : देव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एपीडा (एग्रीकल्चर एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी) के चेयरमैन अभिषेक देव ने इस संभावनाओं पर जोर दिया है और कहा कि भारतीय मादक पेय पदार्थों के लिए वैश्विक बाजारों में काफी मौके हैं। भारत में बनने वाली शराब की दुनियाभर में मांग तेजी से बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है, और इसका निर्यात 37 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2030 तक एक अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि भारत के पास जिन, बीयर, वाइन और रम जैसे उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद मौजूद हैं, जिनकी मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है। देव ने भारतीय मादक पेय कंपनियों के परिसंघ (सीआईएबीसी) द्वारा आयोजित एल्कोबेव इंडिया सम्मेलन में कहा, हमारे पास विभिन्न प्रकार के जिन, बीयर, वाइन और रम जैसे अच्छे उत्पाद हैं, जिनकी निर्यात संभावनाएं बहुत अधिक हैं। उन्होंने उद्योग को यह भी सलाह दी कि वे निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए बाजारों की तलाश करें और घरेलू बाजार से संतुष्ट न रहें। एपीडा के चेयरमैन ने यह भी बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जैविक उत्पादों के लिए आपसी मान्यता समझौता फाइनल होने के करीब है, और इसमें जैविक वाइन भी शामिल है, जो निर्यात के अवसरों को और बढ़ाएगी।

## गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की भूमिका में नजर आएंगे विक्रांत मैसी



एजेसी

**मुंबई।** पठान, वॉर और फाइटर जैसी फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निमार्ता सिद्धार्थ आनंद ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के तहत और ऊंचाई व नागजिला जैसी फिल्मों के निर्माता महावीर जैन की महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर अपनी अगली महत्वाकांक्षी फिल्म की घोषणा की जिसका नाम है व्हाइट। व्हाइट एक बेहद रोमांचक वैश्विक थ्रिलर है, जिसमें बहुमुखी अभिनेता विक्रांत मैसी प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की तैयारी कोलंबिया में चल रही है और इसकी शूटिंग जुलाई से शुरू होने की योजना है। यह फिल्म एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टीम को एक साथ लाकर उस प्रेरणादायक कहानी को पर्दे पर लाएगी कि कैसे कोलंबिया के 52 साल लंबे क्रूर गृहयुद्ध का अंत हुआ – एक ऐसा अध्याय जो आज भी दुनियाभर में बहुत कम जाना जाता है। विक्रांत मैसी के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की अटकलें तब शुरू हुई जब उन्हें लंबे बालों और शारीरिक बदलावों के साथ देखा गया – जो उनके एक गहन आध्यात्मिक किरदार की तैयारी का संकेत दे रहे थे। 12वीं फेल और द साबरमती रिपोर्ट जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए प्रशंसा पा चुके विक्रांत मैसी लगातार अपने ट्रांसफॉर्मेशन से दर्शकों को प्रभावित कर रहे हैं। व्हाइट का निर्देशन प्रसिद्ध ऐड फिल्ममेकर मोंटू बासी कर रहे हैं और इसका सह-निर्माण पीसक्राफ्ट पिक्चर्स के साथ-साथ सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन कर रहे हैं।

### ट्रेड वॉर के बीच एप्पल की बदली रणनीति से चीन को लगा बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापारिक तनाव (ट्रेड वॉर) के बीच एप्पल ने अपनी रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। कंपनी ने योजना बनाई है कि अगले साल तक अमेरिका में बिकने वाले तमाम आईफोन भारत में ही बनाए जाएं। यह कदम चीन से आयात पर बढ़े हुए टैरिफ और व्यापारिक तनाव को देखते हुए उठाया गया है। एप्पल कंपनी वर्तमान में चीन और भारत दोनों ही जगह आईफोन का उत्पादन करवा रही है, लेकिन चीन से आयात महंगा होने के कारण अब कंपनी भारत में अपने उत्पादन को बढ़ा रही है। कंपनी के प्रमुख कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स, जैसे फॉक्सकॉन, बेंगलुरु में अपने प्लांट की क्षमता को बढ़ा रहे हैं। फॉक्सकॉन का नया प्लांट इस महीने के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 20 मिलियन आईफोन तक हो सकती है।

## योद्धा के लुक में सूरज पंचोली का दमदार पोस्टर जारी

एजेसी

**मुंबई।** सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और सूरज पंचोली अपनी आगामी पीरियड एक्शन फिल्म केसरी वीरः लेजेंड्स ऑफ सोमनाथ में स्क्रीन पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं। जहां फिल्म दो अनुभवी अभिनेताओं को एक साथ लाती है, वहीं सूरज पंचोली इस बार बिल्कुल नए और चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आएंगे – एक अनसुने योद्धा और साहसी राजपूत राजकुमार वीर हमीरजी गोहिल के रूप में। फिल्म के प्रति बढ़ते उत्साह को और हवा देते हुए, निर्माताओं ने सूरज पंचोली का एक दमदार नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें वे योद्धा के पूरे लुक में, तलवार लिए हुए दिखाई दे रहे हैं। उनकी तीव्र और गंभीर अभिव्यक्ति कहानी की गहराई और उनके किरदार की वीरता को बखूबी दर्शाती है। इस ऐतिहासिक महागाथा में सूरज पंचोली वीर हमीरजी गोहिल के रूप में नजर आएंगे – एक ऐसा साहसी




योद्धा, जो आक्रमणकारियों से पवित्र सोमनाथ मंदिर की रक्षा करने के लिए संकल्पबद्ध है। अपने प्रभावशाली शारीरिक अवतार और भावनात्मक गहराई के साथ सूरज इस बहुआयामी और चुनौतीपूर्ण किरदार के लिए एकदम उपयुक्त प्रतीत होते हैं। इससे पहले, सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय के जोशीले पोस्टर सामने आ चुके हैं, लेकिन अब सूरज पंचोली की झलक ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह तिकड़ी किस तरह से साहस, बलिदान और शौर्य की इस गाथा को परदे पर जीवंत करेगी। जहां सुनील शेट्टी निडर योद्धा वेगदा जी की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं विवेक ओबेरॉय खूंखार खलनायक जफर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में अकांक्षा शर्मा की डेब्यू भी देखने को मिलेगी, जो सूरज के साथ एक रोमांटिक कहानी में जुड़ी हैं और इस वीरता, निष्ठा और विरासत की गाथा में एक कोमलता का स्पर्श जोड़ती हैं। सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, अकांक्षा शर्मा और सूरज पंचोली जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म का निर्देशन प्रिंस धिमान ने किया है और इसे कनु चौहान ने चौहान स्टूडियोज के बैनर तले प्रोड्यूस किया है।

### व्हाटसऐप का नया फीचर एडवांस्ड चैट प्राइवेसी लांच

**नई दिल्ली।** प्राइवेसी सेटिंग्स को और मजबूत करते हुए व्हाटसऐप ने एक नया फीचर एडवांस्ड चैट प्राइवेसी लॉन्च किया है। यह नया अपडेट पर्सनल और ग्रुप चैट दोनों पर लागू होगा। यह फीचर खासतौर पर यूजर्स की निजी बातचीत की सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए लाया गया है। यूजर को यह फीचर भरोसा देगा कि उनकी बातचीत ऐप के अंदर ही पूरी तरह सुरक्षित रहे। व्हाटसऐप ने स्पष्ट किया है कि उनकी प्राइवेसी की नींव अब भी एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन पर टिकी है, जो पहले से ही यह सुनिश्चित करता है कि मैसेज और कॉल्स केवल भेजने और प्राप्त करने वाले ही देख या सुन सकें। लेकिन अब एडवांस्ड चैट प्राइवेसी फीचर इस सुरक्षा लेयर को और मजबूत करता है। इस फीचर को ऑन करने के बाद चैट्स को एक्सपोर्ट नहीं किया जा सकेगा और मीडिया फाइल्स ऑटोमैटिक डाउनलोड नहीं होंगी। यह फीचर उन लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा जो अपनी प्राइवेट बातचीत को और भी ज्यादा सुरक्षित रखना चाहते हैं।

## अक्षय तृतीया पर करें सोने में निवेश, मिलेगा बेहतर रिटर्न

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया के मौके पर सोना खरीदने की परंपरा भारत में सदियों से रही है। इस दिन सोने की खरीद समृद्धि, खुशहाली और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। सोना खरीदना सिर्फ धार्मिक मान्यता तक सीमित नहीं है, बल्कि वित्तीय योजना के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। जानकार मानते हैं कि आज के समय में जब बाजार में उतार-चढ़ाव रहता है, सोने में निवेश पोर्टफोलियो में लाने का काम करता है। अक्षय तृतीया के मौके पर सोने में निवेश करना न केवल आर्थिक मजबूती का प्रतीक है, बल्कि यह पोर्टफोलियो में संतुलन और लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न देने का भरोसेमंद निवेश है। लेकिन निवेश से पहले सोने के प्रकार और उस पर लागू टैक्स नियमों जानना जरुरी रहता है। टैक्स एंड निवेश जानकार बताते हैं कि किसी भी निवेशक के पोर्टफोलियो में इक्विटी, डेट और बुलियन यानी सोना-चांदी का संतुलन होना चाहिए। अगर निवेशक अपना पूरा पैसा सिर्फ एक हीं संपत्ति क्लास में लगाते हैं, तब जोखिम बढ़ने के चांस ज्यादा हो जाते है।



## 5 बॉलीवुड सितारे जिन्होंने बिना कनेक्शन के इंडस्ट्री में परचम लहराए

एजेसी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक ऐसे इंडस्ट्री जिसकी अक्सर कैंपों और इसके इनसाइडर फेवरिटिजम के लिए आलोचना की जाती है। लेकिन कुछ कलाकार ऐसे भी हैं जिन्होंने केवल अपनी सच्ची प्रतिभा और अडिग मेहनत के बलबूते पर इस इंडस्ट्री में अपनी अलग जगह बनाई। इन पांच शानदार कलाकारों ने बिना किसी पारिवारिक कनेक्शन या गॉडफादर के अपने करियर की शुरूआत की और शून्य से शुरू होकर शोहरत तक का सफर तय किया। इनकी यात्रा भारतीय सिनेमा में संघर्ष और आत्मविश्वास की सच्ची मिसाल है।

मनोज बाजपेयी

बिहार में एक किसान के घर जन्मे मनोज बाजपेयी को थिएटर में कदम रखने से पहले नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में चार बार अस्वीकृति का सामना करना पड़ा (दाखिला नहीं मिला) था। कई सालों के संघर्ष और छोटी-छोटी भूमिकाओं के बाद, 1998 में राम गोपाल वर्मा की सत्या ने उन्हें बड़े पर्दे पर अपनी असाधारण प्रतिभा दिखाने का मौका दिया। भीकू म्हात्रे की भूमिका के लिए मनोज को अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। आज, अभिनेता गैंग्स ऑफ वासेपुर, द फैमिली मैन, अलीगढ़ जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए जाने जाते हैं, जिन्होंने एक ऐसे अभिनेता के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया है जो व्यावसायिक अपील से ज्यादा कला को प्राथमिकता देते है।

राजकुमार राव

राजकुमार राव को बचपन से ही अभिनय का शौक रहा है और वे पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्कूल के कई नाटकों में भी हिस्सा लेते थे।



उन्होंने बताया कि अभिनय को पेशे के तौर पर अपनाने के पीछे अभिनेता 'मनोज बाजपेयी' का बहुत बड़ा हाथ था, उनसे प्रेरित होकर राव FTII में दाखिला लिया। लव, सेक्स और धोखा, रागिनी एमएमएस और शैतान जैसी फिल्मों में अभिनय करने के बाद, उन्हें काई पो चे में गोविंद गोवी पटेल की भूमिका से सफलता और प्रसिद्धि मिली बहुत ही कम समय में, राजकुमार राव एक ऐसे अभिनेता बन गए, जो अभिनेता के रूप में उभरे जो हर किरदार में अलग रंग भरने में सक्षम हैं।

विनीत कुमार सिंह

एक योग्य डॉक्टर होते हुए भी विनीत का पहला प्यार हमेशा से ही अभिनय रहा है, जिसके लिए उन्होंने लगभग दो दशकों तक अस्वीकृति और छोटी-मोटी भूमिकाएँ सहन कीं। उन्हें आखिरकार 2018 में मुक्काबाज से सफलता मिली, जो एक ऐसी कहानी थी जिसे विनीत ने खुद लिखा था और जिसके लिए उन्होंने दो साल से ज्यादा समय तक एक बॉक्सर के तौर पर प्रशिक्षण लिया था। छावा, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव और जाट में उनके हालिया प्रदर्शन उनकी असाधारण रेंज और बहुमुखी प्रतिभा के प्रति प्रतिबद्धता और यहां तक कि अभिनय की कला के प्रति प्रेम को दर्शाते हैं। जो उन्हें सिनेमा के सबसे सम्मानित, अंडररेटड कलाकारों में से एक बनाता है।

जयदीप अहलावत

भले ही गैंग्स ऑफ वासेपुर ने जयदीप अहलावत को शुरूआती पहचान दिलाई, लेकिन 2020 में स्ट्रीमिंग सीरीज पाताल लोक ने, इस ऋळकस्नातक को उनकी शुरूआत के लगभग एक दशक बाद उनकी उचित पहचान दिलाई। जिसने आखिरकार एक लीड ऐक्टर के रूप में उनकी अभूतपूर्व प्रतिभा को प्रदर्शित किया। अहलावत के करियर में देर से आई सफलता साबित करती है कि धैर्य और समर्पण के बल पर इंडस्ट्री की हर बाधाओं को दूर किया जा सकता है।

रणदीप हुड्डा

मीरा नायर की मॉनसून वेडिंग से डेब्यू करने वाले रणदीप हुड्डा को अपनी दूसरी फिल्म मिलने से पहले 4 साल तक इंतजार करना पड़ा।

### हर माह करें 5 हजार रुपये निवेश, बुढ़ापा हो जाएगा सुरक्षित

**मुंबई।** नौकरी के दौरान नियमित आय होने से खर्चों की चिंता कम होती है, लेकिन रिटायरमेंट के बाद वित्तीय स्थिरता बनाए रखना बड़ी चुनौती होती है। इस चुनौती से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है कि नौकरी शुरू होते ही बेहतर निवेश करना शुरू कर दें। अगर आप अपनी पहली नौकरी के साथ ही हर महीने सिर्फ 5000 रुपये का निवेश करते हैं, तब आप रिटायरमेंट तक आसानी से 2 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड तैयार कर सकते हैं। मान लें कि आपकी नौकरी 25 साल की उम्र में लगती है। अगर आप तभी से हर महीने 5000 रुपये सिस्टमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश करना शुरू कर देते हैं, तब यह एक छोटा सा कदम भविष्य में आपके लिए एक बड़ा वित्तीय सुरक्षा कवच बन सकता है। आप किसी अच्छी लार्ज कैप, मिड कैप म्यूचुअल फंड या इंडेक्स फंड का चुनाव करके अपनी एसआईपी शुरू कर सकते हैं।



# करण जौहर लेकर आ रहे नागों वाली फिल्म, कार्तिक बनेंगे इच्छाधारी नाग



आपने इच्छाधारी नाग-नागिनों वाली कहानियां तो कई सुनी होंगी। कई फिल्में और टीवी सीरियल भी इसी कॉन्सेप्ट पर देखने को मिले हैं। फिर वो चाहें श्रीदेवी की फिल्में 'निगाहें' और 'नगीना' हों या फिर टीवी पर आया एकता कपूर का सुपरहिट शो 'नागिन'। अब एक बार फिर इसी कॉन्सेप्ट पर बनी एक फिल्म आ रही है। जिसका निर्माण करण जौहर कर रहे हैं। फिल्म का नाम है नागजिला। इस फिल्म से बॉलीवुड को एक नया इच्छाधारी नाग भी मिलने जा रहा है। करण जौहर ने फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है।

### कार्तिक बनेंगे इच्छाधारी नाग

निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है 'नागजिला'। करण ने आज इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का एलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है। जिसमें कार्तिक कहते हैं, इच्छाधारी नाग। रूप बदलने की शक्ति रखने वाले सांप, जैसे कि मैं प्रियमवदेश्वर प्यारे चंद, उम्र 631 साल। इंसानों वाली पिक्चरें तो बहुत देख लीं, अब देखो नागों वाली पिक्चर। इसके साथ ही कार्तिक का नाम लिखकर आता है और फिल्म का नाम 'नागजिला - नागलोक का पहला कांड'।



# तापसी कैसे बनीं फिल्म गांधारी का हिस्सा?

## राइटर कनिका ने साझा की वजह

तापसी पन्नू ने अपने अब तक के करियर में कई महिला प्रधान फिल्में की हैं। वह थप्पड़ जैसी महिला प्रधान फिल्म का हिस्सा रहीं, इस फिल्म में गंभीरता से महिला मुद्दों को उठाया गया था। जल्द ही वह फिल्म 'गांधारी' में भी एक चुनौतीपूर्ण किरदार करने वाली हैं। इस फिल्म और किरदार के लिए तापसी का चयन कैसे हुआ? इस बारे में प्रोड्यूसर, राइटर कनिका ढिल्लों ने हाल ही में विस्तार से बताया।

### क्या है फिल्म की कहानी

हालिया बातचीत में कनिक ढिल्लों कहती हैं, 'फिल्म गांधारी एक बदले की कहानी है, साथ ही इसमें एक मां और बच्चे की प्यार भरे रिश्ते की कहानी भी शामिल है। एक मां अपने बच्चे को बचाने के लिए किस हद तक जा सकती है, यही फिल्म हमारी फिल्म की स्टोरी लाइन है।'

### तापसी का चयन क्यों हुआ


कनिका आगे बताती हैं, 'तापसी काफी समय से एक एक्शन जॉनर की फिल्म करना चाहती थीं। ऐसे में वह हमारी फिल्म की कहानी के साथ फिट



बैठ रही थीं। सबकुछ जैसे सही समय पर हो गया। तापसी को भी फिल्म 'गांधारी' की कहानी, इसकी भावनाएं पसंद आईं।' हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग भी पूरी है, इससे जुड़ी कुछ तस्वीरें तापसी पन्नू ने भी अपने इंस्टाग्राम पर साझा की थीं। तापसी इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं।

### फिल्म कब होगी रिलीज

फिल्म 'गांधारी' को कनिका कथा पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है। इसके निर्देशक देवाशीष मखीजा हैं। फिल्म इस साल ओटीटी पर रिलीज हो सकती है। तापसी इसमें एक अंधी महिला के किरदार में नजर आएंगी।



# हिंदी सिनेमा की मौजूदा हालत पर बोले आमिर खान

हिंदी सिनेमा पिछले कुछ वक्त से बुरे दौर से गुजर रहा है। बॉक्स ऑफिस पर हिट फिल्मों की तुलना में फ्लॉप फिल्में ज्यादा आ रही हैं। हिंदी सिनेमा के मुकाबले क्षेत्रीय फिल्में अच्छा कर रही हैं। इस पर मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने अपनी बात रखी है। आमिर खान ने कहा है कि हिंदी फिल्मों में सुधार की गुंजाइश है।

### बॉलीवुड फिल्मों में बेहतर करने की गुंजाइश है

आमिर खान ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत में कहा हम नहीं कहते कि हम बेहतर फिल्म निर्माता नहीं हो सकते। मेरे विचार से फिल्म निर्माता के तौर पर हमारे पास सुधार की बहुत गुंजाइश है। हमने कई इंडस्ट्रीज से सीखा है। आमिर के मुताबिक अगर आप 70 और 80 के दशक की फिल्मों को देखें तो उसके बाद से फिल्में और बेहतर हुई हैं ऐसे में अगर मेहनत की जाए तो और बेहतर हो सकती हैं। आमिर ने कहा जब हम 1988 में आए थे तो उस वक्त फिल्मों की संख्या बहुत कम थी। उसके बाद से हमने तरक्की की है। 90 के दशक के बाद जब 2000 आया तो दर्शक बदल गए। वह बहुत खुले हुए और दूसरी तरह की सामग्री देखना चाहते थे।

### एक अच्छी फिल्म बना लूं यही बहुत है

आमिर से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की मौजूदा हालत को बदलने के लिए क्या करना चाहते हैं? इस पर उन्होंने कहा मैं बस वही करना चाहता हूं जो मैं कर रहा हूं और वही कहानियां बताना चाहता हूं जिन पर मेरा यकीन है। मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो अपने बारे में कोई बड़ी राय रखता हो कि मैं चीजों को बदल सकता हूं। मैंने कभी अपने बारे में ऐसी राय नहीं रखी। फिल्म बनाना बहुत मुश्किल है। मैं एक फिल्म ही अच्छे से बना लूं वही मेरे लिए बड़ी बात है।

### सितारे जमीन पर में नजर आएंगे आमिर खान

आपको बता दें कि आमिर खान अपनी आने वाली फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म तारे जमीन पर की सीक्वल है। फिल्म में आमिर खान का किरदार एक बॉस्केटबॉल कोच का है। फिल्म विकलांग लोगों पर आधारित है। फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी हैं।

# 'लापता लेडीज' का बुलबुला फूटने का दिखा सीधा असर, कहां अटकी प्रतिभा रांटा की अगली फिल्म

अब जबकि ये साफ हो चुका है कि आमिर खान ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी की फिल्म 'लापता लेडीज' को ऑस्कर तक पहुंचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया और फिल्म की कास्ट को भी इस फिल्म के ऑस्कर के लिए भारत की तरफ से भेजे जाने की खबर पहले ही लग चुकी थी, तो इस फिल्म का पूरा हाइप झाग की तरह नीचे बैठ गया है। फिल्म की निर्देशक किरण राव की कोई अगली फिल्म अब तक घोषित नहीं हुई है। वैसे तो ऑस्कर तक चक्कर लगा आई आमिर खान की कंपनी की फिल्म 'लापता लेडीज' के कलाकार आईफा अवार्ड्स में नजर आने के बाद फिर से अपने अपने काम में लग गए हैं। फिल्म के हीरो स्पर्श श्रीवास्तव फिर से वेब सीरीज पर लौट आए हैं। उनकी नई वेब सीरीज 'दुपहिया' की तारीफ भी खूब हो रही है। अनुपम खेर की कमाल की फिल्म 'सिग्नेचर' से फिल्म निर्माण में वापसी करने वाले निर्माता के सी बोकाडिया ने स्पर्श श्रीवास्तव को लेकर साउथ सिनेमा की एक चर्चित फिल्म की रीमेक बनाने का प्लान बनाया था, लेकिन 'लापता लेडीज' पर लगे दाग के बाद वह भी इस योजना को तिलांजलि देने का मन बना चुके हैं। वहीं फिल्म में जया त्रिपाठी और पुष्पा रानी नामों के साथ दो अलग अलग पहचाने जीने वाली अभिनेत्री प्रतिभा रांटा पर इन दिनों सबकी नजर है। लेकिन, उनकी अगली फिल्म की आधिकारिक रिलीज का एलान न होने से वह भी परेशान हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रतिभा रांटा ने फिल्म 'लापता लेडीज' के तुरंत बाद अपनी अगली फिल्म अनुभूति कश्यप के निर्देशन में शुरू की थी। फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा भी एक अहम भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म हुए करीब चार महीने पूरे होने को है, पर न तो अब तक फिल्म का नाम सामने आया है और न ही इसकी रिलीज डेट।



# चिरंजीवी के साथ फिल्म करेंगे नानी



नानी की फिल्म हिट 3 रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म की रिलीज से पहले नानी ने साउथ निर्देशक से साथ मिलाया है। इस फिल्म में नानी के साथ चिरंजीवी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। जब एक इंटरव्यू में नानी से चिरंजीवी और ओडेला की फिल्म के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे खास अनुभव बताया और चिरंजीवी के व्यवहार की तारीफ की। खबर के मुताबिक, नानी ने कहा, मैं चिरंजीवी गारू से कई बार मिला, लेकिन इस बार खास था। उन्होंने पहले खाना खाने को कहा। मैंने सुझाव दिया कि चिरंजीवी और श्रीकांत को फिल्म करनी चाहिए। वे मेरे आइडिया से खुश हुए। अभी उस फिल्म के बारे में ज्यादा बात करना जल्दबाजी होगी।



# स्टारडम को सोचकर फिल्में नहीं चुनता

**मलयालम सिनेमा के जाने-माने स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन ने हिंदी के दर्शकों के दिलों में भी अपनी खास जगह बनाई है। प्रभास के सलार में उन्हें बहुत पसंद किया गया। आडुजीवितम- द गोट लाइफ में उनके किरदार और इसके लिए उनकी मेहनत को देख खूब तालियां बजाई गईं। एक दमदार एक्टर होने के साथ ही वह एक सफल डायरेक्टर भी हैं। उन्होंने बतौर डायरेक्टर अपनी डेब्यू फिल्म लूसिफर (2019) से सफलता के रेकॉर्ड बनाए। अब इसके सीक्वल और सुपरस्टार मोहनलाल स्टारर एल 2- एम्पुरान से उन्होंने मलयालम सिनेमा को अब तक की सबसे बड़ी हिट दी है। पृथ्वीराज कहते हैं कि एक्टिंग उनका पहला प्यार है। फिर चाहे कल को पैसा मिले या ना मिले, वह एक्टिंग करते रहेंगे। डायरेक्टर वह बस पार्ट टाइम के तौर पर बने हैं।**

**आप एक्टिंग के महारथी हैं, ऐसे में लूसिफर से डायरेक्शन में कैसे उतरे? एक्टिंग और डायरेक्शन में से ज्यादा संतुष्टि किसमें मिलती है?**

मैं मूल रूप से एक्टर हूं। मेरा मेन क्राफ्ट एक्टिंग है। डायरेक्टर मैं पार्ट टाइम हूं। हालांकि, मेरा मानना है कि सिनेमा रूपी आर्ट फॉर्म में सबसे ज्यादा क्रिएटिविटी आप डायरेक्शन में ही कर पाते है, क्योंकि आखिर में डायरेक्टर ही तय करता है कि ऑडियंस क्या देखने वाली है। रचनात्मकता का यह हाई पॉइंट मैं एंजॉय करता हूं। मुझे फिल्म से जुड़े फैसले लेने की इस आजादी में मजा आता है, लेकिन मुझे पक्का यकीन है कि मैं यह लगातार नहीं कर सकता। मैं एक एक्टर हूं और मुझे सेट पर रोज एक किरदार को निभाने में मजा आता है। डायरेक्शन कभी-कभार के लिए ठीक है, क्योंकि जिस तरह से मैं फिल्म बनाता हूं, मुझे बहुत वक्त लगता है।

**मलयालम सिनेमा अपने कॉन्टेंट के लिए जाना जाता है, मगर एल 2- एम्पुरान में जैसे भव्य सीन आपने फिल्माए हैं, वो अमूमन तेलुगू-तमिल फिल्मों में देखने को मिलते हैं। क्या यह मलयालम सिनेमा को भी ग्लोबल बनाने की ओर एक कदम है?**

ये भव्यता या विजुअल अपील जो कहानी पेपर पर लिखी है, उसका बाय-प्रोडक्ट है। ऐसा नहीं है कि मैंने सोचा कि मुझे एक भव्य फिल्म बनानी है, फिर उस हिसाब से यहां-वहां सीन शूट किया। यह स्केल और विजुअल लैंग्वेज कहानी के आधार पर तय हुई है। यह कहानी वैसी है कि फिल्म को बहुत सारे लोकेशन पर शूट करना इसकी मांग थी। इसकी मांग थी कि यह भव्य दिखे। बस, मेरा तरीका यह है कि मैं रियल लोकेशन में शूट करने में यकीन रखता हूं। मैं कंप्यूटर ग्राफिक्स का कम से कम इस्तेमाल करना पसंद करता हूं। मेरी कोशिश रहती है कि जितनी चीजें हम रियल कर सकें, वो करें। हालांकि, इसमें ज्यादा मेहनत लगती है, मगर इस फिल्म में भी मैंने ज्यादातर लोकेशन, विजुअल्स और स्टंट्स रियल रखे हैं, क्योंकि उसका प्रभाव अलग होता है।

**आपने बताया था कि आप सुपरस्टार रजनीकांत को डायरेक्ट करने का मौका चूक गए। क्या आगे उन्हें डायरेक्ट करना चाहेंगे? वहीं, मोहनलाल जैसे स्टार को डायरेक्ट करने का अनुभव कैसा रहा?**

निश्चित तौर पर मैं कभी ना कभी रजनीकांत सर को डायरेक्ट करना चाहूंगा, लेकिन यह तभी होगा, जब कोई ऐसी कहानी मिले जो मुझे लगे कि हां, यह रजनीकांत सर को डिजर्व करती है। वहीं, मोहनलाल सर हमारे सबसे बड़े स्टार हैं, लेकिन सेट पर वह इस बात को भूलना बहुत आसान बना देते हैं। वह खुद को डायरेक्टर और कहानी के प्रति पूरी तरह समर्पित कर देते हैं कि आपको बस किरदार याद रहता है। आप ये भूल जाते हैं कि वह कितने बड़े स्टार हैं। दूसरे, वह बहुत ही गिफ्टेड अभिनेता हैं, तो उससे भी बहुत मदद मिलती है। एल 2 उनके साथ मेरी तीसरी फिल्म है। बतौर डायरेक्टर मेरी तीनों फिल्मों में वह लीड एक्टर हैं और यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा सौभाग्य है कि मैं उन्हें तीन फिल्मों में डायरेक्ट कर पाया।

**आपने कई साल पहले अय्या और हाल ही में बड़े मियां छोटे मियां जैसी हिंदी फिल्में कीं। इन फिल्मों को चुनने का अप्रोच क्या रहता है?**

मैं खुशनसीब हूं कि मेरी कहीं पर भी किसी तरह की इमेज नहीं है। मलयालम में भी लोगों को ये आदत पड़ चुकी है कि मैं कुछ भी कर सकता हूं। जो लोग मेरी फिल्मोग्राफी को फॉलो करते हैं, वे जानते हैं कि मेरा कोई सेट पैटर्न नहीं है। मैं जैसी फिल्में करता हूं, आप ये अनुमान नहीं लगा सकते कि मैं अगली फिल्म क्या करूंगा। मैं बस अपने दिल की सुनता हूं। जो स्क्रिप्ट मुझे वह पसंद आती है और मुझे लगता है कि वह अलग तरह की फिल्म है, भले मैं उसमें विलन हूं, मगर मुझे पसंद हो तो मैं करूंगा। मैंने कभी यह सोचकर फैसला नहीं लिया कि इससे मेरे स्टारडम पर क्या असर पड़ेगा। यह मेरा पैरामीटर कभी नहीं रहा।

**आने वाले दिनों में आप करण जौहर की सरजमीं और राजामौली की अगली फिल्म भी कर रहे हैं। वे कितनी मायने रखती हैं?**

मैं सभी कमाल के फिल्म मेकर्स के साथ काम करना चाहता हूं, मगर यह वे फिल्में हैं जो ऑफिशली अनाउंस नहीं हुई हैं। अभी भी उनको लेकर चर्चा चल रही है कि आगे कैसे बढ़ना है, तो एक बार जब कंफर्मेशन आ जाएगी तब उसके बारे में बात करेंगे।

# 35 फ्लैट बायर्स को मिली रजिस्ट्री, बॉयर्स के चेहरे खिले

## फ्लैट खरीददारों को कोई असुविधा नहीं होगी : मुख्य सचिव

**गौतमबुद्धनगर ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा स्थित मैसर्स मिगसन ग्रीन सोसाइटी में रजिस्ट्री हैंडओवर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान 35 फ्लैट बायर्स को उनके फ्लैट्स की रजिस्ट्री सौंपी गई। इस अवसर पर स्टांप विभाग द्वारा लगाए गए विशेष कैंप के माध्यम से कुल 70 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

मुख्य सचिव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि फ्लैट खरीदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की जीडीपी 12.5 लाख करोड़ से बढ़कर 27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय भी लगभग दोगुनी हो गई है।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग जैसे क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी बनकर उभरा है। देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का 45 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है और गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के बाद यह आंकड़ा 55 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।

कार्यक्रम में दादरी विधायक तेजपाल नागर, यूपीएसआईडीसी के सीईओ मयूर माहेश्वरी, एसीओ नोएडा




लक्ष्मी सिंह, एसीपी ग्रेटर नोएडा प्रेरणा सिंह, अपर जिलाधिकारी भू/अ0 बच्चू सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र, मिगसन समूह के सीएमडी सुनील मिगलानी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहलगाम में हमले के खिलाफ प्रतीक विस्टेरिया निवासियों का कड़ा विरोध



**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रतीक विस्टेरिया के निवासियों ने पहलगाम में हुए अमानवीय हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए एकजुटता प्रदर्शित की है। प्रतीक विस्टेरिया एओए अध्यक्ष नवनीत जोहरी व समस्त निवासियों ने एकत्रित होकर मोमबत्ती जुलूस निकाला और अपनी आवाज बुलंद करते हुए इस कायरतापूर्ण कृत्य की कड़े शब्दों में भर्त्सना की।

प्रतीक विस्टेरिया के सभी निवासियों ने इस घटना के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साथ पूर्ण समर्थन और एकजुटता व्यक्त की है। सभी ने कहा कि हम देश के निर्णायक कदमों का समर्थन करते हैं और इस तरह के हमलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं। हम संकल्प लेते हैं कि हम एकजुट होकर भारत की शांति, एकता और संप्रभुता की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

इस संकल्प में एओए सदस्य नवनीत जोहरी, विकास सेहरा, विनय कुमार, सौरभ, संजय सिंह, एस.पी. श्रीवास्तव, श्रीमति अनुपमा, श्रीमति नीतू, नानक चंद, अंकित अरोड़ा (सांसद गौतमबुद्धनगर – निजी सहायक), वरिष्ठ नागरिक जे.पी. माथुर, एस.ची. जहानाबादी, विभोर, आदि शामिल थे।




**भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित त्यागी की दादी माँ श्रीमती शकुंतला देवी के निधन के उपरांत, जेडीयू नेता पूर्व सांसद के.सी. त्यागी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा तेजा गुर्जर ने उनके निवास पर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की।**

# पत्रकारों ने दी मृतक देशवासियों को श्रद्धांजलि

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सैक्टर–29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में शहर के पत्रकार साथियों ने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम के घूमने गए पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा की गयी निर्मम हत्या को लेकर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।

पत्रकारों ने मृतक देशवासियों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही मौन रखकर दिवंगत लोगों की आत्मा की शाँति के लिए भगवान से प्रार्थना भी की। सभी पत्रकारों ने इस आतंकवादी हमले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की माँग भी की।



आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान संजीव यादव, वीरेंद्र मलिक, विनोद शर्मा, अंबरीश त्रिपाठी, मनोहर त्यागी, गिरीश नारायण, अमित चौधरी, पवन त्रिपाठी, प्रवेश चौधरी, जगदीश शर्मा, जे पी सिंह, वरुण श्रीवास्तव, सुमन चौधरी, प्रिया राणा, रमेश शर्मा, आर बी यादव, अश्विनी, महेंद्र माही, हिमांशु बहुगुणा, अमर सैनी, बलवीर सिंह, रवि यादव आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# सेक्टर–51 में स्थाई तौर पर पीसीआर खड़ी करने की मांग



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर–51 गांव होशियारपुर के साथ लगे सेक्टर–51 की आरडब्ल्यूए ने मांग की है कि सेक्टर में स्थाई तौर पर पीसीआर तैनात की जाए।

आरडब्ल्यू के सदस्यों का कहना है कि हर दिन चिल्ड्रन पार्क सेक्टर–51 के गेट पर होने वाले गाली–गलौज, झगड़ा, गाड़ी चोरी, मार पिटाई इत्यादि वारदातों से सेक्टर के निवासी परेशान हो चुके हैं। सेक्टर–51 के आरडब्लूए के महासचिव संजीव कुमार ने पुलिस विभाग से मांग की है कि सार्वजनिक पार्क होने के चलते यहां पीसीआर की एक गाड़ी परमानेंट खड़ी करवाई जाए। ताकि असामाजिक तत्वों पर अंकुश लग सके और सेक्टर में शांति व्यवस्था स्थापित हो सके।

# बरौला में प्राधिकरण की लापरवाही से व्यापारी दु :खी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल द्वारा ट्रैफ़िक इंचार्ज अमर सिंह के साथ बरौला टी प्वाइंट पर आम इंसान को हो रही दिक्कतों के बारे में चर्चा की गई। व्यापार मंडल के साथ–साथ पुलिस प्रशासन ने भी कहा कि नोएडा अथॉरिटी की वजह से कार्य में देरी हो रही है। काम इतना लंबा नहीं है जितना नोएडा अथॉरिटी ने खींच दिया है।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल से विकास जैन ने कहा कि इस प्रकार लंबे समय तक रोड बंद कराकर काम होने से यहाँ के व्यापारी पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे। यहाँ ज़्यादातर दुकानदार किराये पर हैं इनका किराया निकालना भी मुश्किल हो रहा है। व्यापार मंडल से सिवा चौहान ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें।

व्यापारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि वो दिन दूर नहीं जब हम सब सड़कों पर उतरकर प्राधिकरण के ख़िलाफ़ प्रदर्शन करेंगे।

# कैंडिल मार्च में लगे ‘पाकिस्तान मुर्दाबाद’ के नारे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आतंकी हमले के विरोध में सेक्टर–116 में कैंडिल मार्च निकालकर दोषियों को अंजाम तक पहुंचाने की मांग की गई साथ ही आतंकी हमले में मारे गये देशवासियों की आत्मा की शांति के लिए शनिवार को मौन भी रखा गया।

कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर परिसर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं व बच्चे शामिल हए। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बह्मपाल चौधरी ने कहा कि देश के हर नागरिक को आज एकजुट होकर यह संदेश देना होगा कि हम आतंक और हिंसा के खिलाफ खडे हैं। शांति और सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का अधिकार है।

मार्च के दौरान सभी लोगों ने मोमबतियां जलाकर मौन रखा और शांति की प्रार्थना की। सभा के अंत में सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया गया कि समाज किसी भी प्रकार की हिंसा या आतंकी गतिविधि के खिलाफ आवाज उठाता रहेगा। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष डॉ. वीएन मिश्रा, टीएस चौधरी, सुनील चौधरी एवं बड़ी संख्या में सेक्टरवासी मौजूद थे।

